## न्यूज ब्रीफ

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव खड़सार निवासी 27 वर्षीय राम सिंह का शव रविवार को गांव के बाहर पेड़ से लटका मिला। 15 दिन बाद उसकी छोटी बहन फूलमती की शादी होनी थी। वह दिल्ली में एक फैक्ट्री में काम करता था। वह बहन की शादी में आया और तैयारी में लगा था। शनिवार को वह पत्नी गीता और तीन माह की बेटी को मायके पहुंचा आया था। वह घर से निकल गया और गांव के बाहर जाकर पेड़ से गमछे का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। परिवार वालों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सरकारी विद्यालय में खिड़की तोड़कर चोरी

**तिलहर, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक सरकारी विद्यालय में खिड़की तोड़कर अज्ञात चोर सामान और पुराने रिकॉर्ड चोरी कर ले गए। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका श्वेता सिंह और वार्ड सभासद छाया देवी ने कोतवाली में तहरीर दी है। विद्यालय खोलने पर कमरा अस्त-व्यस्त मिला, अलमारी के पीछे टूटी हुई थी। चोर एलईडी टीवी, पंखा, परात, भगौने के ढक्कन, स्टील के बर्तन, बक्से में रखे रिकॉर्ड ले गए। कोतवाली प्रभारी जुगुल किशोर पाल ने बताया कि जांच की जा रही है।

### अंडर-16 का क्रिकेट ट्रायल मैच आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कृभको फर्टिलाइजर मैदान पर अंडर-16 क्रिकेट ट्रायल का आयोजन 3 व 4 अप्रैल को शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से किया था। कमलकांत कनौजिया की देखरेख में हुए टीम चयन में विमल सिंह, सत्यम, मृत्युंजय, तस्लीम, जय प्रताप, अंश तिवारी, युवराज सिंह, रोहित, राघव, यश यादव, दक्ष शर्मा, अनिकेत श्रीवास्तव, सौरभ आदि शामिल किए गए। जानकारी जिला कोऑर्डिनेटर डॉ. मनोज यादव ने दी। मंगलवार को बरेली में शाहजहांपुर टीम का मैच बदायूं टीम के साथ होगा।

### गो माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग

**तिलहर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय गो रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों गो रक्षकों ने गो सम्मान अभियान के तहत राज्यपाल, मुख्यमंत्री और राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। शहीद कुटी पर एकत्र होकर गो रक्षकों ने गो माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग उठाई। बाद में सभी तहसील मुख्यालय पहुंचे और एसडीएम की अनुपस्थिति में स्टेनो सौरभ त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा।

## रोजगार और विकास को मिलेगी नई रफ्तार, 29 अप्रैल को हरदोई के मल्लावां में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे लोकार्पण

# गंगा एक्सप्रेस वे शुरू होने से होगा जिले को चौतरफा लाभ, औद्योगिक गतिविधियों होंगी तेज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/जलालाबाद

**अमृत विचार :** जिले में गंगा एक्सप्रेसवे के साथ हवाई पट्टी और इंडस्ट्रियल क्लस्टर की सुविधा मिलने से विकास को नई दिशा मिलने जा रही है। इससे जिले की पहचान मजबूत होने के साथ रोजगार के अवसरों में भारी बढ़ोतरी होगी। एक्सप्रेसवे के शुरू होने के साथ परिवहन और औद्योगिक गतिविधियों में तेजी आएगी, जिससे स्थानीय लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

हरदोई में पीएम के उद्घाटन के साथ गंगा एक्सप्रेसवे का संचालन शुरू होगा। इससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इसके साथ बने मल्टी पर्पज हेलीपैड पर सेना के लड़ाकू विमान उतारे जा सकेंगे। इसकी रणनीतिक और उपयोगिता दोनों बढ़ जाएगी।




गंगा एक्सप्रेस वे पर लगे संकेतक। ● अमृत विचार

● **हवाई पट्टी और इंडस्ट्रियल क्लस्टर से बढ़ेगी जिले की शान**

102 हेक्टेयर में विकसित हो रहे इंडस्ट्रियल क्लस्टर से सैकड़ों लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है और उद्योगों के आने से आर्थिक गतिविधियां भी तेज होंगी। इस परियोजना से जिले में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा और निवेश के नए अवसर खुलेंगे। बेहतर कनेक्टिविटी और औद्योगिक विकास के कारण व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। जिले में गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे जलालाबाद क्षेत्र के गुलड़िया गांव में करीब 102 हेक्टेयर भूमि पर औद्योगिक गलियारा विकसित किया जा रहा है। यूपीडा की इस परियोजना को दिल्ली की एक कंपनी विकसित कर रही है, जो मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में काम करेगा। इससे क्षेत्र में रोजगार के बड़े अवसर पैदा होने के साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

यह औद्योगिक क्षेत्र जलालाबाद के पास उबेरिया गांव के निकट स्थित है और सीधे 6-लेन गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़ा हुआ है। पहले चरण में 102 हेक्टेयर भूमि पर विकास कार्य किया जा रहा है, जबकि आगे इसके विस्तार की भी योजना है।

यहां उद्योगों के लिए जरूरी बुनियादी ढांचा जैसे सड़कें, नालियां और बिजली की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, जिससे उद्योग स्थापित करना आसान होगा।

परियोजना का उद्देश्य टेक्सटाइल, लॉजिस्टिक्स और अन्य उद्योगों को बढ़ावा देना है, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन हो। बेहतर कनेक्टिविटी के कारण दिल्ली और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बीच माल ढुलाई और परिवहन आसान होगा, जिससे उद्योगों को सीधा लाभ मिलेगा।

यूपीडा अब दूसरे चरण के तहत तिलहर, सदर और जलालाबाद तहसीलों में अतिरिक्त भूमि की तलाश कर रहा है। इसके साथ ही एक्सप्रेसवे पर पीरू गांव के पास करीब 5 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी और एक रेस्ट एरिया भी विकसित किया गया है, जिससे क्षेत्र की उपयोगिता और बढ़ गई है। यह परियोजना निवेशकों को आकर्षित कर रही है और जिले को औद्योगिक नक्शे पर नई पहचान देने की दिशा में अहम कदम साबित हो रही है।

### पीएम के कार्यक्रम को लेकर डीएम ने की तैयारियों की समीक्षा




**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित कर 29 अप्रैल को हरदोई के मल्लावां में प्रस्तावित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होकर कार्यक्रम में शामिल होने वाले लाभार्थियों की संख्या और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, परियोजना निदेशक अवधेशराम और जिला विकास अधिकारी ऋषि पाल सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### हवाई पट्टी से वायु सेना को मिलेगी नई ताकत

**जलालाबाद, अमृत विचार :** गंगा एक्सप्रेसवे न केवल आम लोगों के सफर को आसान बनाएगा, बल्कि भारतीय वायु सेना की ताकत भी बढ़ाएगा। शाहजहांपुर के जलालाबाद क्षेत्र में करीब 3 .5 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी बनाई गई है, जो आपात स्थिति या युद्ध के समय लड़ाकू विमानों के उतरने और उड़ान भरने के काम आएगी। इस एयरस्ट्रिप को रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सुरक्षा के लिहाज से इस हवाई पट्टी पर 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। एक्सप्रेसवे के चालू होने के बाद न केवल परिवहन व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि इससे जुड़े जिलों में औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी और लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

## विद्यालयों के यू-डायस कोड के लिए अभिलेख करें जमा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बीएसए दिव्या गुप्ता ने बताया कि जनपद में संचालित कक्षा 01 से कक्षा 12 तक के समस्त सरकारी, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त विद्यालयों के द्वारा यू-डायस 2025-26 ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से वेबसाइट पर यू-डायस कोड आवंटित किया गया है। सम्बन्धित विद्यालय इसे चेक कर सकते हैं। जिन विद्यालयों के यू-डायस कोड आवंटित हैं, उसकी ब्लाकवार सूची जनपद की वेबसाइट पर अपलोड है। उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से कहा कि उक्त सूची के अतिरिक्त जिन विद्यालयों के यू-डायस कोड आवंटित नहीं हैं, वे विद्यालय रिक्वेस्ट फॉर्म फॉर न्यू यू डायस कोड (फार्म ए 02) डाउनलोड कर कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी में मान्यता के समुचित अभिलेखों के साथ जमा कर दें। भारत सरकार से यू-डायस पोर्टल खुलने के उपरान्त सम्बन्धित विद्यालयों को यू-डायस कोड आवंटन हेतु नियमानुसार आवेदन कर दिया जायेगा।

# होमगार्ड भर्ती : पहली पाली में 1119, दूसरी में 1056 अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सोमवार को तीसरे और अंतिम दिन होमगार्ड भर्ती परीक्षा प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। दो पालियों में 13 केंद्रों पर हुई परीक्षा में सुरक्षा का घेरा इतना सख्त था कि अभ्यर्थियों को प्रवेश पाने के लिए तीन चरणों की सघन तलाशी से गुजरना पड़ा। सुबह 8 बजे से शुरू हुई प्रवेश प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों के बेल्ट और ब्रेसलेट तक उतरवा लिए गए, ताकि परीक्षा में नकल की कोई संभावना न रहे। सघन तलाशी के बाद ही किसी को परीक्षा कक्ष के अंदर जाने दिया गया। पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज केंद्र पर सुबह से ही भारी पुलिस बल के साथ आला अधिकारी तैनात रहे। अधिकारियों ने खुद मोर्चा संभाला। और केंद्र के चप्पे। चप्पे पर निगरानी रखी। प्रथम पाली में कुल 5345 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 4226 उपस्थित रहे। जबकि 1119 अनुपस्थित रहे।

द्वितीय पाली में 5345 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 4288 ने परीक्षा दी, जबकि 1056 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में बदायूं, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत और बरेली सहित कई जिलों से अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। कुल 10689 पंजीकृत में से दोनों पालियों में 8514 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 2175 अनुपस्थित रहे। सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हुई ताकि परीक्षा पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की गई थीं। तीन दिनों तक जिले में होमगार्ड परीक्षा संपन्न हो जाने से अधिकारियों और शिक्षकों न राहत की सांस ली है।

होमगार्ड भर्ती परीक्षा आर्य महिला इंटर कॉलेज, आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज, जीएफपी कॉलेज (ब्लॉक-ए), जीएफ कॉलेज (ब्लॉक-बी), राजकीय इंटर कॉलेज, खिरनी बाग, राजकीय पॉलिटेक्निक, लालपुर रोड, इस्लामिया इंटर कॉलेज, बहादुरपुरा, जनता इंटर कॉलेज, सिंजई, श्री हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज, दलेलगंज, स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज, मुमुक्षु आश्रम, स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज (ब्लॉक-ए), स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज (ब्लॉक-बी) में हुई।



पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज केंद्र से होमगार्ड परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी।

● **10689 पंजीकृत में से दोनों पालियों में 8514 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा**



बरेली के आकाश ने बताया कि होमगार्ड परीक्षा में पूछे गए प्रश्न दारोगा भर्ती परीक्षा स्तर के थे। इस परीक्षा में इतने ज्यादा कठिन नहीं पूछे जाने चाहिए थे। पेपर बनाने वालों को स्तर का ज्ञान तो होना चाहिए।



लखीमपुर खीरी के मोहम्मद नबी ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्पेशल से जुड़े प्रश्न आसान रहे। परीक्षा में सोशल मीडिया से जुड़े प्रश्न भी पूछे गए। इतिहास के प्रश्न थोड़ा आसान रहे। पेपर अच्छा गया है।



बदायूं से आए निर्दोष यादव ने बताया कि सोमवार का पेपर काफी कठिन रहा। उन्होंने पेपर की तैयारी बहुत अच्छे से की थी, लेकिन आज के पेपर में ज्यादातर प्रश्न कठिन थे। होमगार्ड परीक्षा में इतने कठिन प्रश्न नहीं होना चाहिए थे।



बदायूं के संजीव ने बताया कि होमगार्ड परीक्षा में गणित और इतिहास के प्रश्न बहुत अधिक कठिन थे। जिनको हल करने में पसीना छूट गया। तौबा-तौबा। इस गर्मी में प्रश्नों से दिमाग घूम गया।



पीलीभीत की नमृता ने बताया कि परीक्षा की अच्छी तैयारी थी, लेकिन कठिन प्रश्नों ने उलझा दिया। सम सामयिक विषयों के प्रश्न बहुत कठिन थे। जिन्हें हल करने में सांस फूल गई। कोशिश की है, देखते हैं क्या परिणाम होता है।



बदायूं की रहने वाली शिवानी शर्मा ने बताया कि परीक्षा में विज्ञान से जुड़े प्रश्न काफी कठिन थे। अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रश्नों की वजह से सिर चकरा गया। सामान्य ज्ञान के प्रश्न भी बहुत कठिन थे।

### अभ्यर्थियों के चेहरे पर हड़बड़ी और तनाव

सोमवार को दोपहर 12 :00 बजे जब पहली पाली की परीक्षा समाप्त हुई, तो परीक्षा केंद्र से बाहर निकले अभ्यर्थियों के चेहरे पर हड़बड़ी और तनाव दिखा। अधिकांश अभ्यर्थियों ने पेपर को उम्मीद से ज्यादा कठिन बताया। छात्रों ने कहा कि वे ये नहीं समझते थे कि इतना कठिन पेपर आएगा। कुछ सवाल तो बेहद पेचीदा थे। जिन्हें हल करने में पसीने छूट गए।

## लोकार्पण में अधिक संख्या में पहुंचने का किया आह्वान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने 29 अप्रैल को मल्लावां (हरदोई) में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के सबसे लंबे गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण के अवसर पर जनपद के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा की। केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद पुवायां के गांव जेबा पहुंचे, जहां उन्होंने इफको के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता बलबीर सिंह के अनुज दिवंगत रणबीर सिंह के निधन पर उनके परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान एमएलसी सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्र, मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र, पुवायां नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष संजय गुप्ता, भूपेंद्र सिंह आदि रहे।



कार्यक्रम को लेकर चर्चा करते केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और अन्य जनप्रतिनिधि।

● **केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से की चर्चा**

## 188283 बच्चों की नहीं बनी अपार आईडी 11 अप्रैल से 30 जून तक करें काम पूरा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में 188283 बच्चों की अपार आईडी नहीं बनी हैं। कुल 579589 के सापेक्ष 389254 बच्चों की ही अपार आईडी सृजित की गई हैं। इस स्थिति को बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने गंभीरता से लेते हुए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि ब्लॉक स्तर पर अपार आईडी सृजन 11 अप्रैल से 30 जून 2026 के मध्य अपार सैचुरेशन प्लान क्रियान्वित करते हुए शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कराएं। अपार आईडी को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में समाहित किया गया है।



बीएसए दिव्या गुप्ता।

● **579589 के सापेक्ष 389254 बच्चों की सृजित की गई अपार आईडी**

बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जनपद में 579589 के सापेक्ष 389254 बच्चों की अपार आईडी सृजित की गयी हैं, जो 67 प्रतिशत है, 188283 बच्चों की अपार आईडी नहीं बनी हैं। जिसके लिए विशेष और केंद्रित प्रयासों की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि कई बार निर्देश और सूचनाएं भेजे जाने के बावजूद अपार आईडी बनाने के कार्य में अपेक्षित प्रगति न होना चिंता की बात है।

इस स्थिति से बचने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अपार आईडी की सार्वभौमिक कवरेज सुनिश्चित करने लिए एक 'डेटा-आधारित अपार आईडी पूर्णता योजना तैयार की गयी है, जिसका महीने की तिथियों में कार्य किया जाना है।

उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री आईडी सृजन से अवशेष छात्र-छात्राओं के माता-पिता से सहमति पत्र एकत्र कर विद्यालय स्तर पर सुरक्षित रखते हुए अपार सैचुरेशन प्लान को क्रियान्वित कर शत-प्रतिशत अपार आईडी सृजन का कार्य 30 जून, 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## न्यूज डायरी

### हनुमंतधाम केसौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी के साथ हनुमंतधाम का स्थलीय निरीक्षण कर चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति परखी। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की ओर से खन्नौत नदी के पक्का पुल से नए पुल तक नदी तट पर पक्की दीवार और पथ निर्माण के साथ हनुमंतधाम के चारों ओर करीब 935 .68 लाख रुपये की लागत से कार्य कराया जा रहा है। इसमें लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। निरीक्षण के दौरान डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हनुमंतधाम और नए पथ पर प्रकाश व्यवस्था, लाइटिंग, शौचालय, छाया शेड और बैठने की समुचित व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर कराई जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी कार्य गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरे किए जाएं, ताकि क्षेत्र का समुचित विकास हो सके। उन्होंने बताया कि कार्य पूर्ण होने के बाद हनुमंतधाम से पक्का पुल तक पथ आपस में जुड़ जाएगा, जिससे लोगों को सुबह और शाम टहलने की सुविधा मिलेगी। डीएम ने कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश दिए कि 31 मई तक हर हाल में सभी निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य पूरे कर लिए जाएं।



### प्रमुख चौराहों पर ग्रीन नेट या शेड लगाने, शीतल पेयजल की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी और हीटवेव के बढ़ते असर को देखते हुए पार्षद रूपेश कुमार वर्मा अन्नू ने डीएम से मुलाकात कर प्रमुख चौराहों और ट्रैफिक सिग्नलों पर राहत उपाय लागू करने की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि तेज धूप और अत्यधिक तापमान के कारण राहगीरों, ट्रैफिक पुलिसकर्मियों, डिलीवरी वर्कर्स और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन व चक्कर आने जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ गया है। पार्षद ने दिए ज्ञापन में प्रमुख चौराहों पर छाया के लिए ग्रीन नेट या शेड लगाने, शीतल पेयजल के लिए वॉटर कूलर या वॉटर एटीएम स्थापित करने और ओआरएस पैकेट उपलब्ध कराने की मांग की। इसके अलावा बड़े चौराहों पर मिस्ट फैन या स्प्रिंकलर सिस्टम लगाने और ट्रैफिक सिग्नलों की टाइमिंग में सुधार कर रेड लाइट पर प्रतीक्षा समय कम करने का सुझाव दिया।



### अस्मिता खेलो इंडिया बालिका हैंडबॉल लीग का आयोजन

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** अस्मिता खेलो इंडिया बालिका हैंडबाल लीग दून इंटरनेशनल स्कूल में हुई। इसमें हरि कौशल त्यागी पब्लिक स्कूल, दून इंटरनेशनल स्कूल, कम्पोजिट रुकनपुर, पीएम श्री कम्पोजिट बल्लिया, केन्द्रीय विद्यालय, लीड कॉन्वेंट, आर्चर हाउस, पीएम श्री सेहरामऊ कम्पोजिट हथौड़ा सहित 9 टीमों ने प्रतिभाग किया। कड़े मुकाबले में दून इंटरनेशनल विजेता हरि कौशल त्यागी पब्लिक स्कूल उपविजेता व केंद्रीय विद्यालय तृतीय स्थान पर घोषित किया गया। मुख्य अथिति डाइट प्रधानाचार्य सोनिया गुप्ता एवं जिला कीड़ा अधिकारी एसपी वमनिया ने सभी बच्चों को सार्टिफिकेट एव विजेता उपविजेता को शील्ड मैडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सोनिया गुप्ता ने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। खेलों में भी उनका योगदान अतुलनीय है। जिला ओलंपिक संघ ने बेटियों को खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया है, वह सराहनीय है। सचिव नरेन्द्र त्यागी व अध्यक्ष विनय गुप्ता ने सभी का आभार जताया। आयोजन में देवेश बाजपेयी, राहुल तोमर, पंकज, निशांत, संजय, मयंक, सुमन, ऋतु अग्रवाल, उमेश राठौर, गुलनाज आदि रहे।

### महात्मा रामचन्द्र महाराज की जयंती पर गूंजेगी आध्यात्मिक चेतना

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** शहर के मिश्रीपुर स्थित श्री रामचंद्र मिशन आश्रम में मिशन के अध्यक्ष और हार्टफुलनेस मेडिटेशन के ग्लोबल गाइड कमलेश डी पटेल दाजी के मार्गदर्शन में 29 अप्रैल से 6 मई तक दो चरणों में रामचंद्र महाराज जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर चल रही तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मिशन के उत्तर प्रदेश प्रभारी अनुपम अग्रवाल ने बताया कि यह उत्सव दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक चरण में देश विदेश से करीब 6 हजार से अधिक अभ्यासी सहभागिता कर आध्यात्मिक विकास के वाहक बनेंगे। पहला चरण 29 अप्रैल 1 मई तथा दूसरा चरण 4 मई से 6 मई तक चलेगा। इस तरह 8 दिनों तक चलने वाले इस आध्यात्मिक महाकुंभ में लगभग 12 से 14 हजार लोगों के यहां पहुंचने की संभावना है। सभी व्यवस्थाओं को संभाल रहे प्रशिक्षक राजगोपाल अग्रवाल ने बताया कि अभ्यासियों के ठहरने की व्यवस्था आश्रम परिसर और विभिन्न होटलों और गेस्ट हाउस में की गई है। सभी अभ्यासियों के भोजन की व्यवस्था आश्रम परिसर में रहेगी। उन्होंने बताया कि बाहर से आने वाले अभ्यासियों के लिए रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन से आश्रम लाने और वापस पहुंचाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। 24 घंटे मिशन के स्वयं सेवक रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर मौजूद रहेंगे। प्रशिक्षक एके गर्ग ने बताया कि श्री रामचन्द्र मिशन और हार्टफुलनेस मेडिटेशन आज मानव को मानवता से जोड़ने के मूल उद्देश्य को लेकर अग्रसर है। यह उत्सव इसी उद्देश्य को पूर्ण करने की एक कड़ी है। आश्रम प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शाहजहांपुर आश्रम पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ उत्सव में शामिल होने आ रहे अभ्यासी भाई बहनों के स्वागत के लिए तैयार है।

## धूमधाम से मनाया साईं प्रतिमा का स्थापना दिवस

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के लक्ष्मी नारायण मंदिर स्थित साई प्रतिमा का सातवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। साई पुरोहित सुनील शास्त्री के पुत्र शुभम शर्मा शास्त्री एवं विकास शर्मा ने पंचगव्य एवं पंचामृत से कराए गए साईं अभिषेक में मुख्य रूप से संतोष महेंद्रू, डॉ. शरद राही, सचिन श्रीवास्तव व गोविंद वाजपेई ने साई बाबा का अभिषेक किया।

इसके बाद मंत्रोच्चारण के साथ प्रारंभ हुए साई यज्ञ में ओसीएफ के महाप्रबंधक एसएस डोईफोडे अपनी धर्मपत्नी शिल्पा डोईफोडे के साथ शामिल हुए। जबकि यज्ञ में जोड़े के साथ उपस्थित गोविंद वाजपेई, शालू बाजपेई, संतोष महेंद्रू, मंजू महेंद्रू, डॉ. शरद राही, चित्रा सक्सेना, विक्की रस्तोगी, अनु राखी रस्तोगी एवं लखनऊ से पधारे साई प्रतिमा के संस्थापक सदस्य आरबी सिंह, शशि सिंह व अनिल गुप्ता, अमिता गुप्ता ने साई यज्ञ में आहुति दी। साईं शिक्षायतन स्कूल की प्रबंधक नीता श्रीवास्तव, शीर्षक सक्सेना ने पूर्ण आहुति दी। साई यज्ञ के पश्चात साई भोग भंडारा हुआ जिसमें राहगीरों सहित साई यज्ञ में शामिल हुए साईं भक्तों ने बड़ी श्रद्धा के साथ साई भोग का रस्वादन किया। जिसमें कटिया टोला साईं मंदिर के मुन्ना पांडे अपनी समिति के सदस्यों के साथ शामिल हुए। सुबह 7 से प्रारंभ हुए स्थापना दिवस समारोह का समापन सायं 7 बजे साई स्तुति एवं आरती से हुआ। जिसमें संतोष महेंद्रू ने बाबा की स्तुति से सबको भाव विभोर कर दिया। इस बीच आरती से पूर्व महिला साईं भक्तों में अनु रस्तोगी, शशि सिंह, मंजू महेंद्रु, चित्रा सक्सेना, इशिता रस्तोगी व साईशा ने बाबा के भजनों से समा बांध दिया। वहीं आरबी सिंह ने साई बावनी प्रस्तुत करके वातावरण भक्तिमय कर दिया। आयोजन में गोविंद वाजपेयी, संतोष महेंद्रु, सचिन, अशोक बिहारी श्रीवास्तव, डॉ शरद राही, स्वाति सक्सेना, चित्रा सक्सेना का योगदान रहा। वहीं पूर्णिमा सक्सैना, विक्की रस्तोगी, रेहान, राजीव, बंटी का विशेष सहयोग रहा।



साई यज्ञ में आहुतियां देते भक्तगण। ● अमृत विचार

● **मंत्र उच्चारण के साथ प्रारंभ हुए साई यज्ञ में दी आहुतियां**

## आज से भीषण गर्मी से राहत मिलने की संभावना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पारे में मामूली बदलाव के बावजूद लू की स्थिति में आंशिक सुधार देखा गया है। 27 अप्रैल तक भीषण गर्मी देखी गई और अब राहत के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव उत्तर-पश्चिम भारत तक पहुंचने और बंगाल की खाड़ी से नमी मिलने की प्रक्रिया शुरू होने के चलते मौसम में धीरे-धीरे बदलाव की संभावना है।

वर्तमान में लू की स्थिति तकनीकी तौर पर बांदा, अलीगढ़, हरदोई, अमेठी और प्रयागराज तक सीमित रह गई है, लेकिन फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ और अलीगढ़ जैसे जिलों में उष्ण रात्रि का प्रभाव बढ़ गया है। रात के तापमान में गिरावट न होने से गर्मी का असर लगातार बना हुआ है और स्थिति में खास सुधार नहीं दिख रहा है। मौसम में बदलाव की संभावना 27 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश और 28 अप्रैल तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में दिखाई देने लगेगी।

पश्चिमी विक्षोभ के असर और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण गरज-चमक के साथ बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है, जो धीरे-धीरे बढ़ते हुए मई की शुरुआत तक जारी रह सकता है। इस बदलाव के चलते तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना जताई गई है, जिससे 28 अप्रैल से लू की स्थिति में और सुधार होने की उम्मीद है। मौसम वैज्ञानिक मनमोहन सिंह ने बताया कि मंगलवार से गर्मी से राहत मिल सकती है।

● **पश्चिमी विक्षोभ के असर से तापमान में आएगा उतार-चढ़ाव**

## न्यूज ब्रीफ

### चचेरी बहन की शादी में गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

तिलहर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव गुलाम खेड़ा निवासी सनी वर्मा उर्फ राम किशन 22 की चचेरी बहन की शादी में शामिल होने के दौरान तबीयत बिगड़ने पर मौत हो गई। रविवार रात अचानक हालत खराब होने पर परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नगरिया मोड़ चौकी प्रभारी अनुज चौधरी ने बताया कि सोमवार सुबह अस्पताल से मेमो मिलने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कोतवाली प्रभारी जुगुल किशोर पाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### गर्भवती होने पर बेटी को परिजनों ने सुपुर्दगी लेने से किया इंकार

तिलहर, अमृत विचार : क्षेत्र से आठ माह पहले प्रेमी के साथ गई नाबालिग किशोरी के गर्भवती पाए जाने के बाद परिजनों ने उसे लेने से इंकार कर दिया। पुलिस ने किशोरी को वन स्टॉप सेंटर भेज दिया है और आगे की कार्रवाई सीडब्ल्यूसी के आदेश पर की जाएगी। कोतवाली प्रभारी जुगुल किशोर पाल ने बताया कि सितंबर 2025 में किशोरी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। सर्विलांस के जरिए 10 अप्रैल को किशोरी और उसके प्रेमी को बरामद किया गया था। मेडिकल जांच में किशोरी के ढाई माह के गर्भवती होने की पुष्टि हुई है।

### डीजे पर डांस को लेकर भिड़े बराती, एक घायल

तिलहर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव मिर्जापुर में एक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान डीजे पर डांस को लेकर दो बाराती आपस में भिड़ गए, जिसमें एक युवक घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों के बाराती और घरातियों को कोतवाली ले आई। कोतवाली प्रभारी जुगुल किशोर पाल ने बताया कि दोनों पक्षों ने तहरीर दी थी, लेकिन बाद में समझौता हो गया, जिसके बाद लड़की की विदाई कराई गई।

### नहर में डूबे युवक का शव तीसरे दिन बरामद

निगोही, अमृत विचार : शनिवार को युवक अपने दोस्तों के साथ नहर में नहाने के लिए गया था। वह नहर में डूब गया था। उसका शव नहर से बरामद हो गया है। थाना क्षेत्र के गांव अब्दुल कलाम नगर निवासी राशिव शनिवार की दोपहर अपने तीन दोस्तों के साथ नहर में नहाने के लिए गया था। नहाते समय डूब गया था। एनडीआरएफ टीम ने नहर में डूबे युवक की तलाश की और सोमवार की दोपहर उसका शव बरामद कर दिया। परिवार में रोना पीटना मच गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### संचारी रोगों से बचाव को एंटी लार्वा स्प्रे किया

शाहजहांपुर, अमृत विचार : मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में संचारी रोगों से बचाव के लिए पूरे गांव में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराया गया। ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता ने बताया कि गांव की सभी 56 गलियों में पहले नालियों की तली झाड़कर सफाई कराई गई और इसके बाद दवा का स्प्रे कराया गया। उन्होंने कहा कि विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि कहीं भी जलभराव की स्थिति न बने। उन्होंने बताया कि ग्राम में 56 रास्ते हैं, जिनके किनारे नालियां और सिल्ट कैचर बनाए गए हैं, जिससे जलभराव की समस्या नहीं होती। गांव में प्रतिदिन पांच सफाई कर्मचारी नियमित सफाई कार्य करते हैं, जिससे गांव में बीमारियों में काफी कमी आई है। स्वच्छता अभियान के तहत गांव में ऐसे लोगों को हर वर्ष सम्मानित किया जाता है, जो अपने घर और आसपास सबसे अच्छी सफाई रखते हैं।

# कार की टक्कर से चाचा-भतीजे की मौत

## बाइक पर सवार थे दोनों, नेशनल हाइवे पर जाने वाले संपर्क मार्ग पर हुआ सड़क हादसा, जुटी भीड़



मृतक संजीव। मृतक आकाश।

संवाददाता, शाहजहांपुर/मीरानपुर कटरा

अमृत विचार : मलूकापुर गांव के संपर्क मार्ग पर कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार चाचा और भतीजे की मौत हो गई। आरोपी चालक कार छोड़कर भाग गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव मलूकापुर निवासी 25 वर्षीय संजीव कुमार और 20 वर्षीय भतीजा आकाश कश्यप दोनों लोग रविवार की शाम 6 बजे बाइक से तिलहर जा रहे थे। नेशनल हाइवे पर जाने वाले संपर्क मार्ग पर सामने से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार चाचा और भतीजे घायल हो गए। दोनों लोग कार में फंस गए। सूचना पर कटरा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को बाहर निकलकर सीएचसी पर भेज दिया। यहां दोनों को मृत घोषित कर दिया। इधर, सूचना मिलने पर परिवार वाले सीएचसी पर पहुंच गए। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों लोग तिलहर की बाजार में खरीदारी करने के लिए आ रहे थे। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



रोजा क्षेत्र में पलटी डीसीएम। ● अमृत विचार

### डीसीएम पलटी, एक की मौत, चार लोग घायल

शाहजहांपुर, अमृत विचार : रोजा क्षेत्र में कोल्डड्रिक से डीसीएम का अगला टायर फट जाने से अचानक डीसीएम पलट गई। हादसे में दो बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। रविवार की दोपहर डेढ़ बजे रोजा क्षेत्र में टेढ़ी पुलिया के निकट सीतापुर की ओर जा रही डीसीएम का अगला टायर फट गया और डीसीएम अचानक सड़क पर पलट गई। इससे दो बाइक पर सवार पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने बाइक पर सवार घायलों को मेडिकल कालेज भेज दिया। यहां डॉक्टर ने सुरेंद्र निवासी लखीमपुर को मृत घोषित कर दिया। घायल मनोज निवासी अकबरपुर सेहरामऊ दक्षिणी, आदर्श निवासी चकभिटारा थाना रोजा, पवनेश निवासी मंगलीपुरवा थाना रोजा और चर्च कालोनी निवासी सेवाराम का इलाज चल रहा है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। रोजा थाना प्रभारी निरीक्षक ने डीसीएम पलट जाने से दो बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी और चार घायल हो गए। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सिंधौली थाना क्षेत्र के कस्बा सिंधौली निवासी अवनीश की बहन की शादी रविवार की रात थी। बरात में खाना चल रहा था। खाने के समय गिलास कम पड़ गए थे। बरातियों ओर मेहमानों को दिक्कत हो रही थी। अवनीश अपने दोस्त सोनू के साथ रात साढ़े दस बजे बाइक से गिलास लेने के लिए निकला तो हाइवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। अवनीश गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि सोनू के मामूली चोट आई थी। अवनीश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### ट्रक और टैंपो की टक्कर में युवक की जान गई

शाहजहांपुर, अमृत विचार : मिर्जापुर क्षेत्र में ट्रक ने टेंपो को टक्कर मार दी। हादसे में टैंपो में सवार पांच लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पर भेजा गया। डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। निगोही क्षेत्र के पांच लोग रविवार की शाम 06 बजे एक टैंपो में सवार होकर कलान क्षेत्र में गांव पृथ्वीपुर में बरात में शामिल होने के लिए जा रहे थे। मिर्जापुर क्षेत्र में फर्रुखाबाद की ओर से आ रहे ट्रक ने टैंपो को टक्कर मार दी। हादसे में पांच लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पर भेजा गया। डॉक्टर ने सुनील कुमार को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का उपचार जारी है। चालक ट्रक लेकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बाइक और स्कूटी की भिड़ंत में तीन लोग घायल

तिलहर, अमृत विचार : तिलहर क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित पूर्वी तिराहे पर सोमवार दोपहर करीब 12 :30 बजे बाइक और स्कूटी में भिड़ंत हो गई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। हादसे में स्कूटी सवार मनीष कुमार और उनकी पत्नी नन्ही देवी समेत जोगेंद्र घायल हुए हैं। घायल हरिशंकर ने बताया कि वह अस्पताल में भर्ती एक मरीज को देखने आए थे और पत्नी के साथ स्कूटी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# ड्राइवर को चलती कार में मारी गई गोली

संवाददाता, पुवायां



मौके पर जांच करती पुलिस।

- हमले का अहसास होने पर बचने का किया था प्रयास
- पुलिस को खेत में मिली कार मोबाइल और पर्स गायब

अमृत विचार : कार चालक कुलदीप की हत्या के मामले में कई अहम तथ्य सामने आ रहे हैं। पुलिस को कार सड़क किनारे ताहिर के खेत में मिली, जिसका एक दरवाजा खुला हुआ था और कुलदीप का शव अगली सीटों पर लुढ़का पड़ा था। उसकी गर्दन के पास से खून बह रहा था। कार के अंदर पिछली सीट पर सिगरेट की डिब्बी और पानी की बोतल पड़ी मिली, जिससे अंदेशा जताया जा रहा है कि हमलावरों ने कार के अंदर ही शराब और सिगरेट पीने के बाद वारदात को अंजाम दिया।

घटना के दौरान कुलदीप को अपने ऊपर होने वाले हमले का आभास हो गया था, जिसके चलते उसने बचने के लिए गाड़ी का हैंडब्रेक लगाया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। गोली उसकी गर्दन को पार कर गई, जिससे कार अनियंत्रित होकर करीब तीन फीट गहरे खेत में जा गिरी। यह स्पष्ट नहीं हो सका कि हमलावर पहले ही कार से कूद गए थे या बाद में फरार हुए।

घटना के बाद यह संभावना भी जताई जा रही है कि खाने के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ होगा, जिसके बाद आरोपियों ने उसे बहाने से ले जाकर हमला किया और मौके से फरार हो गए। बताया गया कि पुवायां के गांव सदापुर में बालकराम की बेटी की शादी थी, जिसमें शामिल होने के लिए शाहजहांपुर के बंका घाट से कार बुक कर कुछ लोग पहुंचे थे और देर रात घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस को मृतक की जेब से 150 रुपये मिले, जबकि उसका मोबाइल फोन और पर्स गायब थे। इससे यह सवाल उठ रहा है कि यदि लूट की नीयत होती तो जेब में रखे पैसे क्यों छोड़े गए। मोबाइल गायब होना साक्ष्य मिटाने की आशंका को भी जन्म दे रहा है। मृतक के भाई कमल ने बताया कि परिवार की किसी से कोई रंजिश नहीं थी और घटना के पीछे कोई अन्य कारण हो सकता है।

# बेटी को भगा ले जाने से आहत पिता ने की खुदकुशी

खुटार, अमृत विचार : कस्बे के एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने रविवार को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शनिवार को उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी को उसका भाई बीती रात बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जिस पर पुलिस ने युवक की तहरीर के पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने फरार किशोरी को देर शाम बरामद कर लिया था। उधर बेटी के चाचा के साथ भागने से आहत होकर किशोरी के पिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों को जहरीला पदार्थ खाने की जानकारी हुई कि एक निजी चिकित्सक के यहां युवक को लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर ने हालत गंभीर देख उन्हें जिला मुख्यालय ले जाने की सलाह देकर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि बेटी के चाचा के साथ भाग जाने से आहत पिता ने यह कदम उठाया है। उधर परिजन इलाज को शाहजहांपुर ले जा रहे थे कि रास्ते में ही रोहित ने दम तोड़ दिया।

# खाद्य लाइसेंस आजीवन होने पर व्यापारियों ने जताई खुशी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- व्यापार मंडल ने फैसले को अपने संघर्ष की जीत बताया, सावन में वृक्षारोपण की तैयारी की शुरू

अमृत विचार : खाद्य कारोबारियों के लाइसेंस को आजीवन मान्यता देने और पंजीकरण की सीमा 12 लाख से बढ़ाकर 1.5 करोड़ किए जाने पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने खुशी जताई है। बहादुरगंज स्थित कार्यालय पर जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस फैसले को संगठन के लंबे संघर्ष का परिणाम बताया गया। साथ ही आगामी सावन माह में बहादुरगंज सहित महानगर के बाजारों में पौधारोपण की रूपरेखा भी तय की गई। जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के नेतृत्व में लगातार ज्ञापन देकर यह मांग उठाई जाती रही थी, जिसके बाद भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण ने यह आदेश जारी किया है। उन्होंने बताया कि पहले खाद्य लाइसेंस एक से पांच वर्ष के लिए जारी होते थे और समय-समय पर नवीनीकरण कराना पड़ता था, जिससे व्यापारियों को परेशानी और भ्रष्ट व्यवस्था का सामना करना पड़ता था। अब इस व्यवस्था पर रोक लगेगी और समय व धन की बचत होगी। उन्होंने कहा कि पंजीकरण की सीमा बढ़ाकर 1.5 करोड़ किए जाने से छोटे खाद्य कारोबारी और स्ट्रीट वेंडर्स को भी बड़ा लाभ मिलेगा। महानगर अध्यक्ष मो. सलाउद्दीन अख्तर ने कहा कि बहादुरगंज जिले का प्रमुख बाजार है, जहां अन्य क्षेत्रों से भी ग्राहक आते हैं, लेकिन भीषण गर्मी में छाया के लिए पर्याप्त पेड़ नहीं हैं। ऐसे में इस बार वन महोत्सव के तहत बाजारों में वृक्षारोपण किया जाएगा। बैठक में प्रांतीय मंत्री अनूप गुप्ता, जिला वरिष्ठ महामंत्री सुशील गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, सैयद अनवर मियां, आदिल खान, संजीव गुप्ता, नफीस खान, रफी खान, अभिषेक सक्सेना, बब्बन शाह, जुबैर खान, पवन गुप्ता, मो. शाहिद, राहुल और दानिश सिद्दीकी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



बहादुरगंज स्थित कार्यालय में बैठक करते व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

# बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें लापरवाही पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- डीएम ने विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश
- ट्रांसफार्मर खराब होने और लाइन लॉस पर तत्काल कार्रवाई को कहा

अमृत विचार : डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें उपभोक्ताओं को तय समय पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने अभियंताओं और कर्मचारियों को सभी तैयारियां समय से पूरी करने, तैनाती स्थल पर रात्रि विश्राम करने, फोन कॉल रिसीव करने और आमजन से बेहतर व्यवहार बनाए रखने को कहा।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जनप्रतिनिधियों के मोबाइल नंबर सुरक्षित रखे जाएं और ट्रांसफार्मर खराब होने या लाइन लॉस की सूचना पर तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी को पंचायत घरों में विद्युत शिकायतों के लिए 1912 हेल्पलाइन नंबर की वॉल पेंटिंग कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही बिजली बिल संशोधन में भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक में बिजली चोरी और लाइन लॉस पर रोक लगाने के लिए विशेष टीम गठित कर गांवों में छापेमारी अभियान चलाने, प्राथमिक विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों को शिफ्ट कराने और आंगनबाड़ी केंद्रों में शीघ्र बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता, जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर, अधीक्षण अभियंता, एसडीओ, अवर अभियंता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सरकारी कार्य में बाधा डालने पर पांच लोग गिरफ्तार

शाहजहांपुर, अमृत विचार: मदनापुर क्षेत्र में सरकारी कार्य में बाधा डालने और सिपाही के साथ गाली-गलौज करना व होमगार्ड की वर्दी फाड़ने के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया है। मदनापुर थाना के पीआरबी के सिपाही मोहित कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि सूचना पर हैदलपुर गांव में गए थे, जहां सरकारी कार्य में बाधा डालना और प्राणधातक हमला करते हुए वर्दी फाड़ दी थी। होमगार्ड महेंद्र पाल के चोट आई थी। पुलिस ने आरोपी रिषीपाल निवासी नौवतिया थाना गढ़िया रंगीन, बलराम, प्रीति, गोपाल, अमित निवासी शमशाबाद जिला फर्रुखाबाद तथा चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने आरोपी रिषीपाल, बलराम, प्रीति, गोपाल, अमित को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

## कटरा उपचुनाव के लिए पहला प्रशिक्षण सम्पन्न

शाहजहांपुर, अमृत विचार : नगर पंचायत कटरा के अध्यक्ष पद के उप निर्वाचन को लेकर विकास भवन सभागार में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रथम का पहला प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण डीआईओएस की ओर से कराया गया। इसमें चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। इस उप निर्वाचन में पहली बार एफआरएस तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। जिसकी ट्रेनिंग राज्य निर्वाचन आयोग से आए सुभाष और उनकी टीम की ओर से दी गई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को नई तकनीक के उपयोग और उससे जुड़ी प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, परियोजना अधिकारी अवधेश राम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता और उप जिलाधिकारी तिलहर आदि मौजूद रहे।

# विद्यालयों के कोर्स खास तय दुकान से खरीदवाने में कार्रवाई से मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- तीन स्कूलों पर लगाया एक-एक लाख रुपये का अर्थदंड, एक स्कूल को दी चेतावनी

अमृत विचार : जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला शुल्क नियामक समिति ने 03 विद्यालयों पर एक-एक लाख रुपए के अर्थदंड की कार्यवाही की है। जबकि एक विद्यालय को चेतावनी दी गयी है। वहीं 02 विद्यालयों की शिकायत की पुष्टि न होने पर उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस कार्यवाही से स्कूल प्रबंधकों में हड़कंप मचा है।

बता दें कि बीते दिनों कई अभिभावकों ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी कि स्कूलों में बच्चों और अभिभावकों पर स्कूल का कोर्स और कॉपियां एक निश्चित दुकान से खरीदने या स्कूल से खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। इस पर डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक में उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 में दिये गये प्रावधान के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ, तक्षशिला पब्लिक स्कूल, गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल जलालाबाद, द मसूरी इंटरनेशनल स्कूल आदि 04 सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों को नोटिस दिए थे।

इसके अलावा डीआईओएस हरिवंश कुमार ने डॉ० सुदामा प्रसाद विद्यास्थली और लिटिल फ्लावर स्कूल पुवायां को नोटिस देकर स्पष्टीकरण तलब किया था। डीआईओएस ने बताया कि प्रधानाचार्य / संस्थाध्यक्षों के दिए गए स्पष्टीकरण का परीक्षण जिला शुल्क नियामक समिति ने किया, जिसमें श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ को पुस्तकों की सूची बदलने, गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल जलालाबाद को नियत स्थान से किताबें विक्रय कराने, द मसूरी इंटरनेशनल को विद्यालय परिसर के अन्दर से किताबें बेचने का दोषी पाया गया। इन तीनों विद्यालयों पर अधिनियम का उल्लंघन किये जाने पर एक-एक लाख रुपये अर्थदंड डाला गया है। जबकि तक्षशिला पब्लिक स्कूल के स्पष्टीकरण के परीक्षण में विद्यालय की किताबें छात्रों द्वारा कई पुस्तक विक्रेताओं से खरीदने और विद्यालय की कतिपय कक्षाओं की एक या दो पुस्तकें बाजार में सर्वसुलभ न होने के कारण संबंधित संस्थाध्यक्ष को चेतावनी दी गई है। शेष 02 विद्यालयों के स्पष्टीकरण का परीक्षण में शिकायत की पुष्टि नहीं हुई।




ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# भाकियू का टोल प्लाजा पर प्रदर्शन

## टोल प्लाजा कर्मियों द्वारा किसानों से अभद्रता किए जाने पर जमकर की नारेबाजी

संवाददाता, खुटार



खुटार के टोल प्लाजा पर धरना प्रदर्शन करते भाकियू के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** खुटार पूरनपुर हाईवे हिटौटा गांव स्थित हाईवे पर टोल प्लाजा कर्मचारियों द्वारा आए दिन किसानों के साथ अभद्रता करने व किसानों से जबरन अवैध वसूली को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के पदाधिकारी गणों ने सोमवार दोपहर के समय टोल गेट पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन व जमकर नारेबाजी शुरू की। जिस पर सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी अरविंद कुमार व मौके पर मौजूद हिटौटा टोल प्लाजा के प्रबंधक द्वारा भारतीय किसान यूनियन से टोल प्लाजा प्रबंधक द्वारा लिखित माफी नामा पत्र दिया गया। जिस पर धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। विगत 21 अप्रैल को एक किसान टोल गेट से गुजर रहा था। जिस पर वहां पर मौजूद टोल कर्मचारियों द्वारा किसान से अभद्रता कर उससे जबरन अवैध वसूली की गई थी। जिस पर पीलीभीत जनपद के भारतीय किसान यूनियन गुट के पदाधिकारी जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र गुप्ता, रचित दीक्षित मंडल उपाध्यक्ष, लालू मिश्रा मंडल अध्यक्ष व पीली भीत जनपद के जिला अध्यक्ष सहित कई पदाधिकारी गणों ने 22 अप्रैल को थाने पहुंचकर टोल प्लाजा कर्मचारियों द्वारा किसानों के साथ अभद्रता करने व जबरन अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। जिस पर किसान यूनियन के पदाधिकारी गणों ने बताया था कि टोल कर्मचारियों पर यदि कार्यवाही नहीं हुई तो वह अपने संगठन के साथ मिलकर टोल गेट पर धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसके बाद भी पुलिस द्वारा कोई भी कार्यवाही न होने पर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के दर्जनों पदाधिकारी व सदस्य हिटौटा टोल प्लाजा पर पहुंचे और जमकर धरना प्रदर्शन व नारेबाजी शुरू कर दी।

- थाना प्रभारी व टोल प्रबंधक ने समझा-बुझाकर मामला कराया शांत

धरना प्रदर्शन होने की सूचना पर मौके पर पहुंचे खुटार थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यों को समझने का प्रयास किया। लेकिन वह शांत नहीं हुए और उनकी मांग थी कि जब तक अभद्रता करने वाले टोल कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होगी तब तक वह लोग धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं करेंगे। जिस पर मौके पर मौजूद हिटौटा टोल प्लाजा प्रबंधक हिमांशु सिंह ने लिखित माफी नामां पत्र लिखकर किसान यूनियन पदाधिकारी गणों को सौंप कर सामूहिक रूप से माफी मांगी और भविष्य में कोई भी टोल कर्मचारी किसान से किसी भी प्रकार की अभद्रता व अवैध वसूली नहीं करेगा। शाखा प्रबंधक द्वारा माफी मांगने पर किसान यूनियन के पदाधिकारी व सदस्य धरना प्रदर्शन को समाप्त कर वापस चले गए।

## कटरा नगर पंचायत उपचुनाव को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उपचुनाव को लेकर कांग्रेस का एक शिष्टमंडल जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपकर चुनाव से जुड़ी विभिन्न आशंकाएं जताईं।

शिष्टमंडल ने इन समस्याओं के जल्द निराकरण की मांग करते हुए निष्पक्ष और व्यवस्थित मतदान कराने पर जोर दिया। शिष्टमंडल ने भीषण गर्मी को देखते हुए मतदान वाले दिन बूथों के बाहर मतदाताओं के लिए छायादार व्यवस्था और शीतल जल उपलब्ध कराने की मांग भी रखी, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस दौरान शिष्टमंडल में जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रभारी संगठन फुरकान अहमद कुरैशी, अनिल श्रीवास्तव, सईद अंसारी, रफी उल हसन, फरमान खान और प्रत्यूष मिश्रा मौजूद रहे।

# अपहृत युवक खुटार से बरामद, दो गिरफ्तार

संवाददाता, खुटार

- थार कार में डालकर ले गए थे युवक को, सर्विलांस से लोकेशन ट्रेस कर पुलिस ने पकड़ा

**अमृत विचार :** पीलीभीत जिले के थाना घुंघचिहाई क्षेत्र से दिनदहाड़े अपहृत युवक निर्वेश सिंह को पुलिस ने खुटार क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया। घटना में प्रयुक्त थार कार के साथ दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। सर्विलांस की मदद से पुलिस ने कुछ ही घंटों में पूरे मामले का खुलासा किया।

घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के दिलावरपुर ददोल कॉलोनी निवासी रंजीत कौर पत्नी रक्षपाल सिंह के अनुसार सोमवार सुबह उनके बेटे निर्वेश सिंह के मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आई थी, जिसमें उसे कॉलोनी के बाहर मिलने के लिए बुलाया गया। निर्वेश सिंह जब वहां पहुंचा तो थार गाड़ी संख्या यूपी 27 बीएस 6585 से आए युवकों ने उसे पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई की। इसके बाद आरोपी उसे जबरन गाड़ी में डालकर ले गए। घटना की सूचना मिलने पर मां ने हेल्पलाइन 1076 और घुंघचिहाई पुलिस को जानकारी दी, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक घुंघचिहाई जयशंकर सिंह ने मोबाइल नंबरों को सर्विलांस पर लगवाया। लोकेशन ट्रेस करने पर दोनों नंबरों की स्थिति खुटार थाना क्षेत्र के मलिका गांव के पास मिली। इसके बाद दोपहर करीब तीन बजे पुलिस टीम मलिका गांव में एक डेरी सेंटर पर पहुंची, जहां से निर्वेश सिंह को सकुशल बरामद कर लिया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त थार कार भी बरामद की है और खजुरिया गांव निवासी अमरजीत सिंह तथा मलिका गांव निवासी गोरा गिल को गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में सामने आया कि निर्वेश सिंह ने आरोपियों के घर की एक महिला को मोबाइल पर मैसेज किए थे, जिससे नाराज होकर आरोपियों ने पहले मारपीट की और फिर उसका अपहरण कर लिया। रंजीत कौर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक जयशंकर सिंह ने बताया कि सर्विलांस के आधार पर कार्रवाई कर युवक को बरामद किया है और मामले की जांच जारी है।

## पढ़ी-लिखी लड़की सबसे बड़ा दहेज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** महिला कल्याण विभाग की ओर से जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के मार्गदर्शन में आर्य कन्या इंटर कॉलेज में दहेज निषेध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूक करते हुए दहेज न लेने और न देने की शपथ दिलाई गई। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने बताया कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के तहत दहेज लेना और देना दोनों दंडनीय अपराध हैं, जिसमें दोषी पाए जाने पर 5 वर्ष तक की सजा और 15,000 रुपये या दहेज की राशि के बराबर जुर्माना लगाया जा सकता है।

# मालगाड़ी का पहिया उतरा, एक घंटे में बहाल हुआ संचालन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- लूप लाइन पर हुआ हादसा, मुख्य लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही सामान्य रही

**अमृत विचार :** मालगाड़ी का एक पहिया बंथरा रेलवे स्टेशन पर लूप लाइन में उतरने से अफरा-तफरी मच गई, हालांकि मुख्य लाइन पर ट्रेनों के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा। सूचना मिलते ही रेलवे विभाग हरकत में आया और करीब एक घंटे के भीतर स्थिति सामान्य कर दी गई। सोमवार शाम करीब 6:30 बजे रोजा से मुरादाबाद जा रही मालगाड़ी जब बंथरा रेलवे स्टेशन की लूप लाइन पर पहुंची तो उसका एक पहिया उतर गया। स्टेशन मास्टर ने तत्काल रेलवे कंट्रोल को सूचना दी, जिसके बाद राहत कार्य शुरू किया गया।

रोजा से क्रेन मौके पर पहुंची और तकनीकी टीम ने पहिये को उठाकर दोबारा रेलवे लाइन पर चढ़ाया। करीब एक घंटे बाद रोजा से एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन भी मौके पर पहुंच गई, जिसके बाद पूरी तरह से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि घटना लूप लाइन पर होने के कारण मुख्य लाइन पर ट्रेनों के संचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा और आवाजाही सामान्य बनी रही।

# अकीदत से मनाया हुजूर ताजुश्शरिया का उर्स

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मोहल्ला एमन जई जलाल नगर स्थित एक मीनार मलकों वाली मस्जिद में हुजूर ताजुश्शरिया हजरत अल्लामा मुफ्ती अख्तर रजा खां कादरी अजहरी मियां रहमतुल्लाह अलैह का आठवां सालाना उर्स अकीदत और मोहब्बत के साथ मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में दूर दराज से अकीदतमंद सालाना उर्स में उमड़े।

जलसे की शुरुआत जुहर की नमाज के बाद कुरआन की तिलावत से हुई। मस्जिद के खतीब व इमाम हाफिज मोहम्मद इमरान रजा कादरी ने हुजूर ताजुश्शरिया को खिराज पेश करते हुए कहा कि ताज उश शरिया अहले सुन्नत वल जमात के मोहसिन का नाम है। वह आला हज़रत इमाम अहमद रजा खां फाजिल बरेलवी के इल्म और अमल के सच्चे वारिस और जानशीन थे।

उनकी शोहरत का आलम यह था कि वह जहां भी जाते थे, अल्लाह के बंदे उनसे दुआएं और बरकतें मांगने के लिए सैलाब की तरह उमड़ पड़ते थे।

इस दौरान हाफिज हाफिज मोहम्मद अयान रजा, मोहम्मद नवाज रजा, मुहम्मद जीशान रजा, मोहम्मद गुफरान रजा, हाफिज रियासत उल्ला खां ने नात और मनकबत पेश की।

सलाम के बाद हाफिज मोहम्मद इमरान रजा कादरी ने मुल्क की तरक्की और समृद्धि के लिए दुआ की। उपस्थित लोगों में मिष्ठान वितरित किया गया। इस दौरान नातो कलाम में लोग झूम उठे।

इस अवसर पर खलीफा ताजुश्शरिया हाफिज फिरासत उल्ला खां रजवी, अमानत उल्ला खां नूरी, हाजी अयूब हसन खान, हाजी कमाल अहमद खां, हाजी उस्मान, मुहम्मद सफदर खां, अमन सईद खां, मोहम्मद आसिफ खां, अब्दुल सुब्हान, मोहम्मद अयान, साबिर अली, मोहम्मद नदीम, मोहम्मद फरमान, नवाज खां, रईस अहमद, डॉ. मोहम्मद इश्तियाक, मोहम्मद बिलाल, हसनैन, हसन रजा, शाहिद रजा, शादाब, मोहम्मद अदनान, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद अयान खान, गुलाम मुहीउद्दीन समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

अमृत विचार
Lifelines OF BAREILLY MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

जीवनी बोन एण्ड हैल्थ क्लीनिक
डा. विनय गंगवार — हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
डा. आंचल अग्रवाल — फीजियोथेरेपी
ओपीडी समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक
बंसल इंटीरियर के सामने, 6-ए, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली मो. 6396640323

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटर) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाइन 9897838286, 9837549348

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेंस से इलाज की सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGEON
8077344353
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

# पर्यावरण, पौधरोपण और गंगा समितियों के कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सभी विभागों को कार्ययोजना और सत्यापन समय से पूरा करने के निर्देश
- आर्द्रभूमियों के नोटिफिकेशन और गंगा प्लान क्रियान्वयन पर हुई चर्चा

**अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जिला पर्यावरण, वृक्षारोपण, गंगा और आर्द्रभूमि समितियों की समीक्षा बैठक की।

प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार ने स्वागत करते हुए वृक्षारोपण समिति के तहत पौधारोपण कार्यों पर चर्चा की, जिस पर डीएम ने सभी विभागों को पौधारोपण की कार्ययोजना और सत्यापन कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला पर्यावरण समिति के अंतर्गत ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन, सी एंड डी वेस्ट, प्लास्टिक वेस्ट, बायो मेडिकल वेस्ट, ई-वेस्ट तथा ध्वनि और वायु प्रदूषण से जुड़े विषयों पर विभागवार चर्चा की गई।

जिला गंगा समिति के तहत विकास खंड मिर्जापुर के ग्राम पाहरूआ में कछुआ तालाब के संरक्षण के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया और वन विभाग के साथ विचार-विमर्श कर शीघ्र कार्ययोजना बनाकर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए।

जिला गंगा प्लान के क्रियान्वयन को लेकर जीआईजेड और राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा हुई।

वहीं जिला आर्द्रभूमि समिति के तहत जिले की तीन प्रमुख आर्द्रभूमियों को नोटिफाई कराने के प्रस्ताव पर चर्चा कर डीएम ने स्वीकृति देते हुए आगे की कार्रवाई के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी सहित सभी संबंधित अधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# युवती ने बिजली का तार पकड़कर की आत्महत्या

संवाददाता, सिंधौली

- दूसरे समुदाय का युवक बनाता था शादी का दबाव

**अमृत विचार :** दूसरे समुदाय के युवक द्वारा शादी का दबाव बनाए जाने से परेशान युवती ने बिजली का तार पकड़ लिया। जिससे झुलसी युवती की मेडिकल कालेज में मृत्यु हो गयी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का नम्बर किसी तरह मूड़ा हारिस के शान मोहम्मद को मिल गया। जिसके बाद आरोपी फोन कर युवती से अश्लील बातें कर शादी करने का दबाव बनाने लगा। युवती ने कई बार अपने दिव्यांग पिता से इस मामले की शिकायत की। लोकलाज के कारण पिता ने इस बात को गोपनीय रखा। रविवार को भी आरोपित ने युवती को फोन कर धमकी दी। जिससे आजिज होकर उसने बिजली कनेक्शन के नंगे तार पकड़ लिए और झुलसकर बेहोश हो गयी। पड़ोसियों की मदद से स्वजन ने युवती को उपचार के लिए ले जाकर राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहाँ सोमवार की सुबह उसकी मृत्यु हो गयी। मृतका के पिता ने तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत करायी है। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजकर पिता की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध जबरन शादी का दबाव बनाने की प्राथमिकी दर्ज की गयी है। आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी।

# जहरीला पदार्थ देने में पति समेत चार पर रिपोर्ट

संवाददाता, शाहजहांपुर/पुवायां

- आठ माह के बेटे की हो गई थी मौत, पत्नी अस्पताल में भर्ती
- महिला के भाई की तहरीर के पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** मुकीमपुर गांव में दहेज के लिए आठ माह के बेटे को जहर देकर मार डालने और पत्नी को जहर खिलाने के मामले में पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुवायां थाना क्षेत्र के गांव कुंवरपुर जप्ती निवासी अमन मिश्रा ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि बहन अर्चना मिश्रा की शादी करीब दो साल पहले हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार विशाल अवस्थी निवासी मुकीमपुर थाना पुवायां के साथ की थी।

बहन का पुत्र आयुष है, जो लगभग आठ माह का था। उसने शादी में अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज में एक कार दी थी। ससुराल वाले दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वाले उसकी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। उसने बहन की ससुराल में जाकर कई बार जाकर समझाया। ससुरालीजन नहीं माने। आरोप है कि 24 अप्रैल को रात 10 बजे अर्चना के पति विशाल, सास धनदेवी, देवेश रोहिणी ने दहेज की मांग की पूरी न होने पर एक राय होकर उसकी बहन अर्चना व भांजे आयुष को जान से मारने की नीयत से जहरीला पदार्थ दे दिया। उसके भांजे की सीएचसी पर मौत हो गई और उसकी बहन का इलाज बरेली में चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# 10 व 12वीं के शैक्षिक विवरण में करें संशोधन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- डीआईओएस ने बोर्ड के फैसले से अवगत कराया, मांगे आवेदन

**अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार ने बताया कि यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट 2026 के नतीजे घोषित हो चुके हैं। इन परीक्षाओं में शामिल छात्र-छात्राएं यदि अपने शैक्षिक विवरण में संशोधन कराना चाहते हैं तो आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन छह मई तक लिया जाएगा।

परीक्षार्थियों के प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र में त्रुटि रहित विवरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिए गए बोर्ड के निर्णय से डीआईओएस ने अवगत कराया। अंतिम अवसर के बाद बोर्ड के प्रपत्रों में किसी तरह का संशोधन कराना संभव नहीं होगा।

डीआईओएस ने बताया कि परीक्षार्थी अपने नाम, माता पिता के नाम में वर्तनी त्रुटि, अपने व माता-पिता के नाम में वर्तनी त्रुटि जन्मतिथि, फोटो आदि में संशोधन करा सकते हैं। संशोधन के लिए यह अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है।

प्रधानाचार्य परिषद की वेबसाइट पर लॉगिन कर निर्धारित प्रारूप एवं मैन्युअल डाउनलोड कर लें। प्रधानाचार्य द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवश्यक संशोधन का विवरण मैन्युअल डाउनलोड कर लें। डीआईओएस ने बताया कि इसके बाद निर्धारित प्रारूप में आवश्यक संशोधन का विवरण मैन्युअल संलग्नक के अनुरूप स्पष्ट अंकित करते हुए, स्वयं सत्यापित कर, जिला विद्यालय निरीक्षक से अनुमोदन प्राप्त कर विद्यालय की ओर से पुनः वेबसाइट पर लॉगिन कर पूरित प्रारूप अपलोड करें। आवश्यक अभिलेख / साक्ष्य भी परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। प्रक्रिया 27 अप्रैल से छह मई को शाम 6 बजे तक पूरी कर सकते हैं।

## दूल्हे का गला दबाने के प्रयास में तीन गिरफ्तार

**मीरानपुर कटरा अमृत विचार :** लाईखेड़ा गांव में दूल्हे का गला दबाने और मारपीट के मामले में पुलिस ने गांव के तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस तीनों का चालान कर दिया। पुलिस अन्य लोगों की तलाश कर रही है। बरेली के भुता थाना के गांव पउनगला निवासी मनोज ने कटरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 20 अप्रैल को उसके बेटे सौरभ की बरात कटरा थाना के गांव लाईखेड़ा में मुकेश के घर आई थी। रात 10 बजे बरात चढ़ाने के दौरान गांव के कुछ लोग आ गए थे। आरोप था कि आरोपियों ने दूल्हे को बग्गी से नीचे उतार लिया था और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया था। विरोध करने पर आरोपियों ने दूल्हे का गला दबाने का प्रयास किया और दूल्हे तथा बरातियों के साथ मारपीट की थी। पुलिस ने आरोपी राजपाल, सुमित, अमित, सोवेंद्र, अवधेश निवासी लाईखेड़ा थाना कटरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने आरोपी राजपाल, सुमित और अवधेश को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस अन्य की तलाश कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### जमीन पर गिरा रिवाल्वर, भाजपा नेता के पैर में लगी गोली

**बदायूं, अमृत विचार :** हाथ से छूटकर जमीन पर गिरा रिवाल्वर अचानक चल गया। भाजपा नेता के पैर में गोली लग गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत सामान्य है। हादसा थाना उसावां क्षेत्र के गांव नवीगंज में हुआ। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह रविवार रात अपने ही गांव नवीगंज में राजबहादुर के बेटे शिवम के शादी समारोह में शामिल हुए थे। वह लोगों से बात कर रहे थे। इसी दौरान वह मुड़े तो उनकी कमर पर लगे रिवाल्वर की डोरी उलझ गई और रिवाल्वर सीसी मार्ग पर गिर गया। रिवाल्वर से गोली चल गई। परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे और भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है।

### दीवार गिराने से रोकने पर मारपीट

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र में दीवार गिराने से रोकने के दौरान मारपीट हुई। थाना बिनावर क्षेत्र के गांव ओझा निवासी आयशा पुत्री मक्खन थाने पर तहरीर देकर बताया कि रविवार को गांव के पड़ोस में रहने वाले आसिफ का पड़रा उनके कच्चे बने घर की दीवार को सीधों से गिराने लगा। आयश की भतीजी ने उसे हटाया तो उसके साथ गाली-गलौज की गई। शोर सुनकर आयशा का भतीजा नवाज शरीफ मौके पर पहुंच गया। आरोप है तब आरोपी ने भतीजी और भतीजे के साथ मारपीट की।

# जिले के विकास को मिलेगी रफ्तार कल से शुरू हो जाएगा गंगा एक्सप्रेस- वे

## 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरदोई से करेंगे गंगा एक्सप्रेस वे का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कुछ दिन पहले बदायूं से दिल्ली तक सीधी ट्रेन सेवा के बाद जिले को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। लंबे समय के बाद वह घड़ी आ गई है जब जिले को विकास की रफ्तार मिलेगी और समय भी बचेगा। जिले में जल्द ही और उद्योग स्थापित होने से रोजगार का सृजन होगा। कल से गंगा एक्सप्रेस वे शुरू हो जाएगा। 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेरठ से प्रयागराज तक बनाए गए गंगा एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करेंगे जिससे मेरठ और प्रयागराज का मार्ग सुगम हो जाएगा।

- जिले में बने हैं तीन इंटरचेंज और बिनावर में विकसित किया जाएगा औद्योगिक गलियारा

मेरठ के बिजौला गांव से शुरू होकर 594 किमी दूर प्रयागराज के गांव जुड़ापुर दांदू तक बना है जो 12 जिलों से होकर गुजरा है। बदायूं में इसकी दूरी लगभग 92 किमी है। यह तहसील सदर, बिसौली, बिल्सी व दातागंज क्षेत्र से होकर गुजरा है। एक्सप्रेस वे का काम पूरा हो गया। दो ट्रायल भी हो चुके हैं। गंगा एक्सप्रेस वे पूरी तरह से सीसीटीवी की निगरानी में हैं। सिंगापुर की तर्ज पर यहां के बनकोटा, बिनावर और दातागंज पर टोल प्लाजा बनाए गए हैं जो मानव रहित हैं। बूम सेंसर से खुलेंगे। फास्टैग से शुल्क कटेगा। हालांकि यहां इंजीनियर की ड्यूटी रहेगी जो तकनीकी खामियां दूर करने के लिए रहेंगे।

यहां सुरक्षाकर्मियों की तैनात की गई है। प्रधानमंत्री हरदोई से इसका उद्घाटन करेंगे। फिर वाहन गंगा एक्सप्रेस वे पर फर्राटा भर सकेंगे। बरेली-मथुरा राजमार्ग पर घटपुरी, बदायूं-दातागंज मार्ग के पहाड़पुर, बदायूं-मुरादाबाद राजमार्ग पर बनकोटा के पास इंटरचेंज बनाए गए हैं, जहां से लोग गंगा एक्सप्रेस वे पर चढ़ सकेंगे।

यह गंगा एक्सप्रेस वे पूर्वी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश को जोड़ेगा जिससे लगभग पूरे प्रदेश में व्यापार संगम हो जाएगा। आने-जाने में समय भी बचेगा। प्रयागराज जाने वाले अधिवक्ताओं को भी आसानी होगी। तीन से चार घंटों में ही प्रयागराज पहुंच जाएंगे। गंगा एक्सप्रेस वे के उद्घाटन को लेकर व्यापारियों से लेकर आमजन उत्साहित हैं।


टोल प्लाजा पर तैनात किया गया सुरक्षाकर्मी। ● अमृत विचार


मेरठ से प्रयागराज तक बना गंगा एक्सप्रेस वे। ● अमृत विचार

### स्क्रीन पर दिखाया जाएगा प्रधानमंत्री का कार्यक्रम

प्रधानमंत्री के गंगा एक्सप्रेस के उद्घाटन का कार्यक्रम यहां भी स्क्रीन पर लाइव दिखाया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से गंगा एक्सप्रेस वे किनारे बिनावर क्षेत्र में पंडाल लगाया जा रहा है। यहां लगभग पांच हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। डीएम अवनीश राय ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी तेजी से की जा रही है जो लगभग पूरी होने की ओर है।

### बिनावर में विकसित होगा औद्योगिक कॉरिडोर

गंगा एक्सप्रेस वे पर बिनावर क्षेत्र में औद्योगिक कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। जहां चार दर्जन से ज्यादा कारखाने स्थापित होने की उम्मीद है। जिसके लिए लगभग 269 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया है। बताया जा रहा है कि एक दर्जन से ज्यादा व्यापारियों ने प्रक्रिया शुरू भी कर दी है। इसके अलावा बाहर के उद्यमियों के भी उद्यम स्थापित कर सकते हैं जिसके बाद जिले के विकास को नई ऊर्जा मिलेगी। उद्योग लगने के बाद लोगों को रोजगार मिलेगा।

# गंगा एक्सप्रेस-वे उद्घाटन कार्यक्रम पर डीएम ने की तैयारियों की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- घटपुरी इंटरचेंज में आयोजित होगा भव्य कार्यक्रम
- जनप्रतिनिधियों-अधिकारियों के साथ आमजन भी रहेंगे मौजूद

**अमृत विचार :** डीएम अवनीश राय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री द्वारा हरदोई में किए जा रहे गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण कार्यक्रम के परिपेक्ष में जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की।

कार्यक्रम के दौरान जिले के घटपुरी इंटरचेंज में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें जनप्रतिनिधि, आमजन और अधिकारी मौजूद रहेंगे। डीएम ने कार्यक्रम में आने वाले लोगों के बैठने, मंच संचालन, प्रचार प्रसार, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, साफ सफाई, प्रकाश आदि विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा करके संबंधित को निर्देशित किया। एडीएम वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा ने बताया कि गंगा एक्सप्रेस वे मेरठ से शुरू होकर प्रयागराज तक जा रहा है जिसकी लंबाई लगभग 594 किमी है। कार्यक्रम के दौरान जिले के घटपुरी इंटरचेंज में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें जनप्रतिनिधि, आमजन और अधिकारी मौजूद रहेंगे।

गंगा एक्सप्रेसवे का विस्तार मेरठ-बुलंदशहर मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-334) पर मेरठ के बिजौली गांव से शुरू होकर प्रयागराज बाईपास (राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19) पर प्रयागराज के जुडापुर दांदू तक है। गंगा एक्सप्रेस वे पर 12 जिलों में 21 इंटरचेंज हैं।


गंगा एक्सप्रेस वे के उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते डीएम अवनीश राय। ● अमृत विचार

# जिले में पूर्व मध्यमा में अनमोल उपाध्याय उत्तर मध्यमा में मोहित शर्मा ने किया टॉप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मेधावी छात्रों के घर खुशी का माहौल, शिक्षक और मिलने वाले दे रहे बधाई

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट घोषित हो गया। पूर्व मध्यमा द्वितीय यानि दसवीं में अनमोल उपाध्याय 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले भर में प्रथम स्थान पर रहे। वहीं उत्तर मध्यमा द्वितीय यानि 12 वीं में मोहित शर्मा ने टॉपर रहे। मोहित ने 79.17 अंक प्राप्त किए हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व मध्यमा द्वितीय (कक्षा 10), उत्तर मध्यमा प्रथम (कक्षा 11) और उत्तर मध्यमा द्वितीय (कक्षा 12) सभी कक्षाओं का रिजल्ट एक साथ जारी किया गया जिसमें पूर्व मध्यमा द्वितीय (कक्षा 10) में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अनमोल उपाध्याय प्रथम स्थान पर रहे हैं। इनके साथ 82.71 प्रतिशत अंकों के साथ निकिता देवी जिले भर में दूसरे, 80 प्रतिशत अंकों के साथ नन्दनी गुप्ता तीसरे स्थान पर रही हैं। वहीं 78.57 प्रतिशत अंक प्रज्ञा शर्मा, 74.86 अंक अभिमन्यु, 74.29 अंक गजेंद्र यादव, 74.14 किरन, 74 प्रतिशत वैभव, 73.14 अंक प्रियंका और 72.86 अंक प्राप्त कर अनुष्का ने टॉप टेन में जगह बनाई है। उत्तर मध्यमा द्वितीय (कक्षा 12) में मोहित शर्मा ने 73.17% अंक पाकर जिले मे टॉप किया। 72.25 अंक लेकर सुप्रिया मिश्रा दूसरे, 72 प्रतिशत अंक प्राप्त कर खुशबू तीसरे स्थान पर रहीं हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक लालजी यादव ने बताया कि फरवरी माह के दौरान हुई परीक्षा दो केंद्र पर हुई थी। बताया कि पूर्व मध्यमा द्वितीय यानि दसवीं में 93 बच्चे पंजीकृत थे। परीक्षा के दौरान 30 अनुपस्थित रहे। 63 परीक्षा बैठे थे। 8 फेल हो गए। 58 बच्चे उत्तीर्ण रहे। उत्तर मध्यमा प्रथम (कक्षा 11) 80 पंजीकृत, 16 अनुपस्थित, 64 ने परीक्षा दी। 12 फेल हुए। उत्तर मध्यमा द्वितीय (कक्षा 12) में 67 पंजीकृत थे। परीक्षा में 5 अनुपस्थित रहे थे। सभी 58 बच्चे पास हुए हैं।

### बलदेवधाम पर आज होगें धार्मिक कार्यक्रम भंडारे का भी आयोजन

**बिल्सी अमृत विचार :** तहसील बिल्सी क्षेत्र के गांव गुधनी खौंसारा स्थित बलदेव धाम पर मंगलवार को धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम के तहत सुबह हनुमान बाबा को चोला चढ़ाया जाएगा। इसके बाद आरती होगी। ललितेश्वरानन्द महाराज के सानिध्य में सुंदरकांड पाठ होगा। बाबा का भव्य दरबार सजाया जाएगा।

# आतिशबाजी से पशु शाला में लगी आग, पशु झुलसे


पशु शाला में लगी आग से झुलसे पशु। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुंवरगांव

- 10 बीघा खेत का लगभग 40 कुंतल भूसा भी जला

**अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव बर्खिन में शादी समारोह के दौरान की गई आतिशबाजी एक किसान पर भारी पड़ गई। बारात चढ़त के दौरान छोड़ी गई चिंगारी से पशुशाला में भीषण आग लग गई जिससे वहां बंधे पशु गंभीर रूप से झुलस गए।

गांव निवासी राकेश पुत्र हरद्वारी ने बताया कि उनकी पशु शाला में बंधी दो भैंस, एक गाय, एक बछड़ा व एक बछिया आग की चपेट में आकर झुलस गए। इसके अलावा पशुओं के चारे के लिए रखा करीब 10 बीघा खेत का लगभग 40 कुंतल भूसा भी जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित ने थाने में देकर बताया कि गांव में भोजराज की बेटी की बारात दहगवां क्षेत्र के गांव मेघरा मड़ैया से आई थी। बारात चढ़त के दौरान कुछ लोग आतिशबाजी कर रहे थे। मना करने के बाद भी वह लोग नहीं माने। आतिशबाजी की चिंगारी से पशुशाला में आग लग गई। ग्रामीणों ने फायर बिग्रेड व थाना पुलिस की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पशुओं को निकला लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बारात में हुई मारपीट के दौरान भगदड़ तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**विजय नगला, अमृत विचार:** खाने को लेकर शादी समारोह में मारपीट हुई। मौके पर भगदड़ मच गई। मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल के दादा की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना बिनावर क्षेत्र के गांव करतोली में रामवीर की बेटी की बारात उझानी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बहादुरगंज से आई थी। बारात की सभी रस्म पूरी हुईं। इसके बाद बारातियों को खाने के लिए बुलाया गया था। बारात में आए उनके नाती सुमित, रामकिशोर खाना खाने के लिए बैठे थे। तभी किसी बात को लेकर बारात में आए डालचंद, सूरज, अजय गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने दोनों नातियों के साथ मारपीट की। लड़की पक्ष ने किसी तरह बीच बचाव कराया। थाने जाकर तहरीर दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

- मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से घायल
- पुलिस ने शुरू की आरोपियों के खिलाफ जांच

### महिलाओं ने निकाला जन आक्रोश मार्च

**बिल्सी, अमृत विचार :** विपक्षी दलों के खिलाफ सोमवार को महिला जन आक्रोश मार्च अभियान के अंतर्गत बिल्सी नगर पालिका परिषद से थाना मोड़ तक मार्च निकाला गया। कांग्रेस और सपा के खिलाफ नारेबाजी की गई। मार्च का नेतृत्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष देवी सागर ने किया। मार्च के दौरान महिलाओं ने नारों के साथ आक्रोश व्यक्त किया।

Shri Ram Murti Smarak Goodlife Hospital
SRMS Goodlife A MULTI SPECIALITY HOSPITAL

आवश्यक जन–सूचना

मरीज से सम्बधित चिकित्सा रिकार्ड सामान्य डिस्चार्ज वर्ष 2022 से पहले (01-01-2021 से 31-12-2021) तक का नष्ट किया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो कृपया 15 दिनों (सूचना दिनाँक से) के अन्दर अवगत कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से– चिकित्सा अधीक्षक



## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में ग्रामीण की मौत, एक घायल

**बदायूं, अमृत विचार :** सड़क हादसे में एक ग्रामीण की मौत हो गई जबकि उसके साथ बाइक पर बैठा युवक घायल हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना अलापुर क्षेत्र के गांव दियौरारा निवासी महिपाल (50) महीलाल अपने गांव के एक युवक के साथ किसी काम से बाइक से जा रहे थे। रास्ते में गांव कोड़ा जयकरन के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में महिपाल और साथ बैठा युवक घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा जहां चिकित्सक ने महिपाल को मृत घोषित कर दिया। घायल का इलाज करके वापस भेजा गया।

### युवक की पिकअप से गिरकर मौत

**उसावां, अमृत विचार :** सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। युवक शादी समारोह के लिए सामान भरकर घर ले जा रहा था। रास्ते में झटका लगने से युवक पिकअप से नीचे गिर गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव कैथोला से रविवार को बारात जिला शाहजहांपुर के पटना देवकली आई थी। सोमवार को शादी में मिला सामान पिकअप में भरकर अपने गांव कैथोला जा रहे थे। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर गांव मंसा नगला के पास पिकअप ने अचानक ब्रेक लगा दिए जिससे पिकअप के ऊपर बैठे दूल्हे के चचेरे भाई राय सिंह पिकअप से नीचे गिर गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। युवक को म्याऊं के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने युवक की मौत की पुष्टि कर दी। युवक की शादी पांच साल पहले हुई थी। उसकी दो छोटी बेटियां हैं।

### वीवीपीएटी गोदाम का किया निरीक्षण

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने अधिकारियों, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम व वीवीपीएटी वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण किया। ईवीएम व वीवीपीएटी पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। वेयरहाउस मे 24 घंटे सुरक्षा बल तैनात रहते हैं। निरीक्षण के दौरान आगंतुक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए और सीसीटीवी कैमरा के संचालन की स्थिति देखी।

# ईमानदारी से काम करें अधिकारी, विकास कार्यों की रैंकिंग में लाएं सुधार : गुलाब देवी

## प्रभारी मंत्री ने विकास भवन में की जनपदीय विकास कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री व जिले की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि अधिकारी ईमानदारी से काम करें। विकास कार्यों की रैंकिंग में सुधार लाएं। प्रभारी मंत्री सोमवार को विकास भवन सभागार में जनपदीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं।

उन्होंने अधिकारियों को कार्यों को धरातल पर नियमित रूप से चेक करने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आंकड़ा देने से पहले अधिकारी उसे खुद चेक करें। भीषण गर्मी के चलते गौ आश्रय स्थलों पर समुचित व्यवस्था की जाय। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को गर्मी में डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ने पर सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पताल में समुचित व्यवस्थाएं करने के लिए कहा। इस पर प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कोल्ड रूम बनाए गए हैं। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता व बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने को कहा।



विकास भवन में विकास कार्यों की समीक्षा करतीं जिले की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी। ● अमृत विचार

● **अधिकारियों को बैठक से पहले खुद आंकड़े चेक करने को किया निर्देशित**

### शेष कार्य युदध स्तर पर जारी : डीएम

डीएम अवनीश राय ने बताया कि मार्च 2026 में जिले को विकास कार्यों में 28वीं व राजस्व में 20वीं रैंक प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले सीएम डैशबोर्ड के 85 कार्यक्रमों की समीक्षा की जाती है। मार्च 2026 में जिले को 69 कार्यक्रमों में ए श्रेणी और 6 कार्यक्रमों में बी श्रेणी प्राप्त हुई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में नेडा को 5880 का लक्ष्य प्राप्त हुआ जिसमें से 1711 के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है। मुख्यमंत्री आवास में वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त 1081 के लक्ष्य के सापेक्ष 872 आवासों को पूर्ण कर लिया गया है। शेष का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है जिसे जल्द पूरा किया जाएगा। बताया कि वर्ष 2019-20 से अब तक 6172 आवास लाभार्थियों को उपलब्ध कराए गए हैं और वित्तीय वर्ष 26-27 के लिए पंजीकरण किया जा रहा है।

**1600 का लक्ष्य प्राप्त हुआ : उपायुक्त उद्योग:** उपायुक्त उद्योग ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत जिले को वर्तमान वित्तीय वर्ष में 1600 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिस पर डीएम ने कहा कि इसके सापेक्ष तीन गुना आवेदन प्राप्त करें और लक्ष्य को पूरा करें। बैठक के दौरान वृद्धावस्था पेंशन, जिला पोषण कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना आदि कार्यक्रमों व योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। डीएम ने बिजली विभाग के अधिकारियों से कहा कि विद्युत उपकेंद्र व कार्यालय में विद्युत विभाग के अधिकारियों व कार्मिकों के नंबरों को अद्यतन कर लिया जाए। पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में कुपोषित बच्चों को भर्ती कराकर उनको सुपोषित करने के निर्देश भी दिए। इससे पहले डीएफओ निधि चौहान, एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ. वैभव शर्मा, एडीएम न्यायिक कल्पना जायसवाल, सीबीओ डॉ. समदर्शी सरोज, प्रभारी सीएमओ डॉ. मोहन झा, सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चंदोला आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# सड़क चौड़ीकरण में घटिया सामग्री से निर्माण का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **शिकायत के बाद लोक निर्माण विभाग ने में निर्माण सामग्री का भरवाया सैंपल**

● **3.50 करोड़ से हो रहा कचहरी से मंडी समिति तक रोड का चौड़ीकरण**

**अमृत विचार:** लोक निर्माण विभाग में कथित तौर पर भ्रष्टाचार चरम सीमा में पहुंच चुका है। बदायूं उसावां मार्ग पर पोल शिफ्ट किए जाने में हुई धांधली की धूल सही से हट नहीं पाई कि एक और मामला सामने आ गया। कचहरी से मंडी समिति तिराहे तक हो रहे चौड़ीकरण में घटिया सामग्री का आरोप ठेकेदार पर लगा है। आरोप है कि बेस तैयार करने के लिए मिट्टी मिले पत्थर को डाला जा रहा है। हालांकि शिकायत का संज्ञान लेते हुए विभागीय अधिकारी के द्वारा निर्माण सामग्री का सैंपल लिया गया है जिसकी अभी तक रिपोर्ट नहीं आई है। इसके कारण काम बंद पड़ा है।

शहर में लगते जाम और बढ़ते हादसों को लेकर सड़कों को चौड़ा किए जाने का काम चल रहा है। कचहरी से मंडी समिति तिराहे तक 3.50 करोड़ की लागत से सड़क को दोनों ओर से दो से तीन फीट तक चौड़ा किया जा रहा है। रोड को चौड़ा किए जाने के लिए नामित ठेकेदार द्वारा बेस बनाने के लिए रेता सीमेंट और बदरपुर के स्थान पर मिट्टी मिलाकर पत्थर को बिछा रहा है। यह आरोप लगाते हुए शहर निवासी अवनीश कुमार ने डीएम के साथ लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से शिकायत कर दी।

> कचहरी से मंडी समिति तिराहे तक चौड़ीकरण का काम चल रहा है। शिकायत पर निर्माण सामग्री का सैंपल लिया है। जांच रिपोर्ट आने पर कार्रवाई होगी।
>
> **वंदना सोनकर**, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग

> कचहरी से मंडी समिति तिराहे तक सड़क किनारे इंटरलॉकिंग ईंट बिछी थी। खुदाई के बाद निकली इन ईंटों को ठेकेदार द्वारा बेचे जाने की शिकायत हुई थी। सही ईंटों को उठवा लिया है। टूटी हुई ईंटें पड़ी हैं।
>
> **विनय कुमार**, ईओ नगर पालिका

## बिजली कटौती से बढ़ी परेशानी, सिंचाई ठप होने से सूख रहीं फसलें

**बदायूं, अमृत विचार :** बिजली की अघोषित कटौती से फसलों की बर्बादी शुरू हो गयी है। बिजली नहीं मिलने से निजी ट्यूबवेल नहीं चल रहे हैं जिससे फसलें सूखने लगे हैं। बिजली संकट का असर फसलों पर दिखने लगा है। प्रत्येक बिजली घर से बिना सूचना दिए बिजली काटी जा रही है जिससे उपभोक्ताओं में भारी रोष है। शासन के सख्त निर्देश हैं कि ट्यूबवेल को शेडयूल के अनुसार बिजली दी जाए जिससे किसानों की फसलों की सिंचाई समय पर हो सके लेकिन जनपद स्तर पर बिजली विभाग के अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। निजी ट्यूबवेल को बिजली नहीं मिल पा रही है। बिजली विभाग के शेड्यूल के अनुसार निजीट्यूबवेल वाली लाइन को सुबह सात बजे सप्लाई दी जाती थी जिससे किसान अपनी फसलों की सिंचाई करते थे।

# बारात में शामिल होने गए बुजुर्ग की छत से गिरकर मौत

संवाददाता, विजय नगला

● **परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना किया अंतिम संस्कार**

**अमृत विचार :** बारात में शामिल होकर शाहजहांपुर गए बुजुर्ग की वहां छत से गिरकर मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों में चीत्कार मचा है।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के नगर पंचायत गुलड़िया के वार्ड पांच निवासी रक्षपाल सिंह पटेल 60) रविवार की शाम अपने गांव के दीपक पाल की शादी समारोह में शामिल होकर शाहजहांपुर के जलालाबाद गए थे। दुल्हन पक्ष ने बारातियों को छत पर रुकवाया था। सोमवार सुबह छत पर सो रहे बारातियों को सूचना मिली कि बस बारातियों को छोड़कर वापस जा रही ह। इसी दौरान रक्षपाल सिंह पटेल आनन-फानन में उठे। अंधेरा होने की वजह से जीना नहीं दिखा। वह छत से जमीन पर जा गिरे। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर वापस आ गए। पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार किया गया। बताया जा रहा है कि सात मई को मृतक की भतीजी की बारात गांव नगला शर्की से आएगी। भाई देशपाल पटेल की पहले ही मौत हो चुकी है। भाई की मौत की वजह से रक्षपाल सिंह पर ही भतीजी की शादी की जिम्मेदारी थी। जलालाबाद थाने के उपनिरीक्षक अतुल पटेल ने बताया कि कस्बा में आई बारात में छत से गिरकर एक बुजुर्ग की मौत हुई थी। किसी प्रकार की शिकायत नहीं की।

## शिल्पकार पुरस्कार के लिए 20 मई तक करें आवेदन

**बदायूं, अमृत विचार :** माटीकला विधा के परंपरागत कारीगरों/माटीकला शिल्पियों को पुरस्कृत करने के लिए मंडल स्तरीय माटीकला पुरस्कार योजना में प्रजापति समाज के शिल्पकारों और कामगारों के आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। माटीकला पुरस्कार योजना में आवेदन करने के लिए आवेदक अपना ऑनलाइन पंजीकरण उप्र माटीकला बोर्ड की वेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन 20 मई तक कर सकते हैं। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के बाद हार्ड कॉपी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। माटीकला पुरस्कार योजना में मंडल स्तरीय प्रतिभागियों का चयन, चयन समिति द्वारा किया जाएगा। योजना की जानकारी के लिए पुरानी चुंगी स्थित विभाग के कार्यालय पर संपर्क किया जा सकता है।

# लूट की घटना में लापरवाही, थाना व चौकी प्रभारी समेत तीन लाइन हाजिर

संवाददाता, ओरछी

● **एसपी सिटी ने मौके पर पहुंचकर की थी जांच, एसएसपी को सौंपी थी रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** दंपती से लूटपाट के मामले में फैजगंज बेहटा पुलिस ने लापरवाही बरती। एसएसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर एसपी सिटी अभिषेक सिंह ने पीड़ित और पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज किए। पीड़ित को साथ ले जाकर घटनास्थल का मौका मुआयना किया। अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। एसपी सिटी की रिपोर्ट के बाद एसएसपी ने थाना व आसफपुर चौकी प्रभारी, हल्का इंचार्ज को लाइन हाजिर किया है।

फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव दूनपुर निवासी बबली ने बताया कि वह 19 अप्रैल को अपनी पत्नी गुलनाज के साथ चंदौसी में आयोजित बारात में शामिल होकर बाइक से वापस लौट रहे थे। गांव नगला के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। बबली के सिर पर तमंचे की बट से वार किया था। गुलनाज से पर्स छीन लिया जिसमें सोने की चेन, झाले, दो अंगूठियां, घड़ी, नगदी रखी थी। जिसकी कीमत लगभग 8.50 लाख रुपये थी। शिकायत के बाद फैजगंज बेहटा पुलिस ने मदद नहीं की और न ही खुलासा किया। बबली के अनुसार पुलिस ने एक सादा कागज पर उनका अंगूठा लगवा लिया। अनपढ़ होने की वजह से उन्हें पता नहीं चला कि पेपर पर क्या लिखा है। पिछले दिनों पीड़िता के तीन ऑडियो सामने आए जिसमें वह तीन पुलिसकर्मियों से बात करते सुने गए। इसमें उन्होंने कहा कि अगर थाने पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो वह एसएसपी से शिकायत करेंगे। ऑडियो के अनुसार पुलिस लूट मान रही थी और खुलासे के प्रयास का आश्वासन दिया लेकिन पुलिस पीड़ित को टहलाती रही। मामला सामने आने पर एसपी सिटी ने गवाहों से पूछताछ की। साक्ष्यों का भी अवलोकन करके जांच की। एसपी सिटी ने रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच रिपोर्ट एसएसपी को सौंपी जिसमें बताया कि थाना स्तर पर लापरवाही की गई है। इसके आधार पर एसएसपी ने थाना प्रभारी मनोज कुमार, चौकी इंचार्ज रामकुमार और हल्का प्रभारी कविराज को लाइन हाजिर किया है। एसएसपी ने बताया कि पुलिस की अपराधी और अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत यह कार्रवाई की।

# मोहिनी एकादशी पर भक्ति के रंग में रंगा सोरहा

संवाददाता, करियामई

**अमृत विचार :** विकासखंड इस्लामनगर क्षेत्र के ग्राम सोरहा स्थित प्राचीन खाटू श्याम मंदिर में सोमवार को मोहिनी एकादशी का पर्व धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटना शुरू हो गई, जिससे पूरा वातावरण ''जय श्री श्याम'' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर प्रांगण को भव्य रूप से सजाया गया था। बाबा श्याम का मनमोहक श्रृंगार देख भक्त भाव-विभोर हो गए। श्रद्धालुओं ने खाटू नरेश के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और उन पर इत्र की वर्षा कर पुष्प अर्पित किए। स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ दूर-दराज से आए भक्तों ने भी बाबा के दरबार में अपनी हाजिरी लगाई। मंदिर के पुजारी ओम प्रकाश ने सभी भक्तों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। धार्मिक चर्चा के दौरान विजेंद्र पाठक ने एकादशी व्रत की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा मोहिनी एकादशी का व्रत विशेष फलदायी है, जो भक्त पूर्ण निष्ठा के साथ बाबा की शरण में आते हैं और यह व्रत रखते हैं, उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कार्यक्रम के समापन पर महंत द्वारा बाबा श्याम की महाआरती उतारी गई।आरती के बाद विशाल भंडारे के रूप में भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर श्याम प्रेमी सुधीर, चंद्रपाल मास्टर आदि भक्त उपस्थित रहे।



खाटू श्याम मंदिर में पूजा करते भक्त। ● अमृत विचार

● **खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा आस्था का जनसैलाब**

# सड़क हादसे में ग्राम विकास अधिकारी घायल

संवाददाता, करियामई

● **डायल 112 पुलिस पर मदद की बजाय अभद्रता करने का आरोप**

**अमृत विचार :** बेटियों को होमगार्ड की भर्ती दिलाकर लौट रहे ग्राम विकास अधिकारी के ऑटो को तेज रफ्तार कार ने रविवार देर रात टक्कर मार दी। ग्राम विकास अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस पहुंची। आरोप है कि पुलिस ने मदद की बजाय अभद्रता की।

उघैती थाना क्षेत्र के गांव सोरहा निवासी दीपेंद्र कुमार गुप्ता दहगवां ब्लॉक में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर तैनात हैं। रविवार को अपनी दो बेटियों को शाहजहांपुर में सेकंड शिफ्ट की होमगार्ड परीक्षा दिलाकर वापस लौट रहे थे। रोडवेज बस न मिलने के कारण बदायूं से राजपुर रोशन नगर के लिए एक ऑटो किराए पर बुक किया। ऑटो बिल्सी नगर के पंजाब नेशनल बैंक के पास पहुंचा, सामने से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उसे टक्कर मार दी। दीपेंद्र कुमार सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। लोगों के अनुसार कार पर पुलिस लिखा था। चालक नशे में धुत बताया जा रहा है। कुछ समय के बाद डायल 112 पुलिस पहुंची। छात्रा का कहना है कि पीआरवी में तैनात महिला पुलिसकर्मी मदद के लिए गाड़ी से नीचे नहीं उतरीं। जब छात्रा ने मदद की गुहार लगाते हुए गाड़ी में बैठने की कोशिश की तो आरोप है कि महिला पुलिसकर्मी ने उसे झिटकते हुए कहा कि क्या उसके सिर पर बैठेगी।

## न्यूज डायरी

### गुरुग्राम में आचार्य संजीव रूप हुए सम्मानित

**बिल्सी, अमृत विचार :** बिल्सी स्थित आर्य समाज गुधनी के आचार्य संजीव रूप को गुरुग्राम में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया गया। रविवार को न्यू पालम विहार स्थित आर्य समाज मंदिर में हुए इस विशेष कार्यक्रम में उन्हें समाज सुधार, संस्कार निर्माण और पर्यावरण शुद्धि के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि आचार्य संजीव रूप निरंतर यज्ञ, वैदिक प्रवचन और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उनके प्रयासों से लोगों में नैतिक मूल्यों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। इस दौरान आचार्य संजीव रूप ने सम्मान के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह आगे भी समाज हित में अपने कार्यों को इसी तरह जारी रखेंगे। कार्यक्रम में आर्य समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।





### बच्चों को मलेरिया की रोकथाम के बताए उपाय

**बदायूं, अमृत विचार :** मलेरिया निरीक्षक अमित कुमार तिवारी, उदित यादव द्वारा ब्लॉक समरेर के ग्राम सुखोरा में ग्राम वासियों को घर-घर जाकर मलेरिया रोग से रोकथाम बचाव व नियंत्रण के संबंध में जागरूक किया गया। ग्राम में ज्वार पीड़ितों की सीएचओ के माध्यम से मलेरिया हेतु जांच कराई गई, मलेरिया निरीक्षक तनवीर सिंह, जीशान अंसारी, सनी कुमार व पी एसआई इंडिया संस्था के परमवीर सिंह द्वारा ब्लॉक जगत के ग्राम खुनक के उच्च प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को मलेरिया रोग से रोकथाम बचाव एवं नियंत्रण के लिये पूरी आस्तीन के कपड़े पहनना व रात को सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करने के संबंधी जानकारी दी गई।



### हाईस्कूल में 94 प्रतिशत हासिल होने पर विद्यालय ने किया सम्मान

**बिसौली, अमृत विचार :** विकास क्षेत्र बिसौली के आदर्श माध्यमिक विद्यालय मदनजुड़ी की पूर्व छात्रा अर्चना ने हाईस्कूल की परीक्षा में जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने गणित में शत प्रतिशत अंक हासिल किए। हिंदी व विज्ञान में 96-96 अंक अर्जित करके कुल 94 प्रतिशत अंक अर्जित किए थे। विद्यालय परिवार की ओर से अर्चना को सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक अनुज कुमार शर्मा ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय मदनजूड़ी पर से कक्षा 5 उत्तीर्ण करने के बाद अनेक बच्चे अच्छे अंकों के साथ परीक्षाएं उत्तीर्ण कर रहे हैं। इस साल हाईस्कूल की परीक्षा में प्रतिज्ञा, प्राची, अर्चना ने अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण कर विद्यालय के साथ अपने माता-पिता व गांव का नाम रोशन किया है। ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुमार, एसएमसी अध्यक्ष और एसएमसी सदस्य डॉ. हरिशंकर, हाकिम सिंह, दयानंद, सीमा यादव, मीना आदि उपस्थित रहे।

### परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्रों को किया सम्मानित

**उझानी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बसोमा मे सोमवार को शेखूपुर विधान सभा के पूर्व विधायक धर्मेन्द्र शाक्य ने मंडल बसोमा के हाइस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। सोमवार को वसोमा के रजत विद्या मंदिर विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक धर्मेन्द्र शाक्य ने कहा कि छात्रों को मेहनत और लगन के साथ पढ़ना चाहिए। जिससे परीक्षा में उन्हें स्थान मिल सके। हाई स्कूल व इंटर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मंडल महामंत्री इंजीनियर रजत कुमार गुप्ता व विद्यालय प्रबंधक शिव कुमार गुप्ता ने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे छात्र ही विद्यालय एवं अपना नाम रोशन करते हैं।



# अधिवक्ताओं ने अधिकारियों के साथ की परिचय बैठक



परिचय बैठक में हिस्सा लेते अधिकारी और अधिवक्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** तहसील बार के अधिवक्ताओं ने नवागत अधिकारियों उपजिलाधिकारी और तहसीलदार के साथ सोमवार को मीटिंग हॉल में एक परिचय बैठक का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

सोमवार को तहसील हॉल में आयोजित परिचय बैठक में नवागत उपजिलाधिकारी साईं आश्रित शाखमुरी और तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार से अधिवक्ताओं ने मुलाकात कर अपना परिचय दिया, साथ ही इन अधिकारियों ने भी अपनी कार्यशैली के बारे में बताया, ताकि भविष्य में बैंच और बार के बीच कोई तकरार और संशय की स्थिति न पैदा हो। नवागत अधिकारियों ने कहा कि जो भी होगा वो पूर्णतया कानून के तहत होगा, पारदर्शी और प्रभावी होगा, फिर भी किसी संशय की स्थिति में बार के लिए बेंच के दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे।

# विपक्ष ने किया महिलाओं को नजरअंदाज

● **महिलाओं को गुमराह करने की कोशिश कर रही कांग्रेस-सपा**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** महिला जन आक्रोश अभियान के अंतर्गत दमयंती राज महाविद्यालय बिसौली, बांके बिहारी कॉलेज, जेजे ज्ञान डिग्री कॉलेज, बीआईएमटी कॉलेज व दमयंती राज महाविद्यालय में कार्यक्रम हुए।

भाजपा की जिला उपाध्यक्ष सरिता वार्ष्णेय ने कहा कि आज का विषय सिर्फ राजनीति नहीं, बल्कि आपके सम्मान, अधिकार और भविष्य से जुड़ा है। केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रयास एक ऐतिहासिक कदम है लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब यह अवसर आया तो कांग्रेस और सपा पार्टी जैसे दलों ने सकारात्मक सहयोग के बजाय विरोध और भ्रम फैलाने का काम किया। सभी को जागरूक रहना है और समझना है कि महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में बराबरी दिलाने के प्रयासों को कैसे रोका गया। महिलाएं अपने अधिकारों को पहचानें और समाज में अपनी मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करें।

नगर पालिका की पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और यह सरकार की योजनाओं का परिणाम है, चाहे उज्ज्वला योजना हो, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ या मिशन शक्ति। इन योजनाओं ने महिलाओं को आत्मविश्वास और सम्मान दिया है। यह भी सच है कि कांग्रेस और सपा ने महिलाओं के मुद्दों को गंभीरता से लेने के बजाय कई बार भ्रम फैलाने का प्रयास किया। ऐसे में आप सभी छात्राओं को जागरूक होकर शिक्षा और आत्मनिर्भरता के रास्ते पर आगे बढ़ना है। पूर्व विधायक कुशाग्र सागर, सविता शर्मा, ममता वर्मा, रुचि गुप्ता, डॉ. सलवा यादव, डॉ. शरद अरोरा, दीप्ति सक्सेना आदि मौजूद रहे।



कॉलेज में कार्यक्रम को संबोधित करतीं नगर पालिका की पूर्व चेयरमैन दीपमाला।

## न्यूज ब्रीफ

### तालाब में डूबकर युवक की मौत

निगोही, अमृत विचार : गांव इनायतपुर में तालाब में नहाते समय एक युवक की डूबकर मौत हो गयी। पुलिस मोके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। थाना क्षेत्र के गांव इनायतपुर निवासी 25 वर्षीय बागेश कुमार सोमवार की दोपहर 12 बजे तालाब में नहाने के लिए गया और नहाते समय तालाब में डूब गया। परिवार वालों को सूचना मिलने पर तालाब पर पहुंचे। गोताखोरों ने उसको बाहर निकाला और परिवार वाले उसे सीएचसी पर ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बागेश की शादी नहीं हुई थी और भाइयों में सबसे बड़ा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### होमगार्ड परीक्षा में तीसरे दिन 2252 अनुपस्थित

बदायूं, अमृत विचार : जिले के 15 केंद्रों पर चल रही उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स लिखित भर्ती परीक्षा का तीसरे दिन कड़ी सुरक्षा व प्रशासन की देखरेख में समापन हो गया। पहली पाली में पंजीकृत 5232 अभ्यर्थियों में 4078 अभ्यर्थी उपस्थित और 1154 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 5232 में 4134 उपस्थित और 1098 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। तीनों दिन की परीक्षा की छह पालियों में पंजीकृत 31 हजार 392 अभ्यर्थियों में 25 हजार 36 अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

# एचपीसीएल प्लांट हत्याकांड में जेल में बंद मुख्य आरोपी पर सख्त हुई सरकार

## जेल में बंद है मुख्य हत्यारोपी अजय प्रताप सिंह, सोमवार को शासन के अनुमोदन पर हुई रासुका की कार्रवाई

- 12 मार्च को सैंजनी स्थित एचपीसीएल के प्लांट पर गोली मारकर की थी दो अधिकारियों की हत्या
- पुलिस ने बढ़ाई मुख्य हत्यारोपी पर ऑफीशियल सीक्रेट एक्ट की धारा



एचपीसीएल के इसी प्लांट पर 12 मार्च को दोहरे हत्याकांड को दिया गया था अंजाम।


मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह उर्फ रामू।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव सैंजनी स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के प्लांट पर दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी पर सख्त कार्रवाई की गई। शासन से अनुमोदन के बाद उस पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की गई है। हत्याकांड के बाद से वह बदायूं जेल में बंद है। उसके और उसके परिवार के लोगों पर कई मामले दर्ज किए गए थे।

दातागंज तहसील में एचपीसीएल प्लांट लगाया गया था जिसका मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री ने उद्घाटन किया था। शुरुआत में ठीक-ठाक चलने के बाद प्लांट में राजनीति शुरू हो गई। आस-पास के गांवों के लोग अधिकारियों पर हावी होने का प्रयास करने लगे। नौकरी के नाम पर लोगों से वसूली तक की जाने लगी। पास के गांव सैंजनी निवासी अजय प्रताप सिंह उर्फ रामू ने नौकरी करने के साथ प्लांट पर आने वाली पराली का ठेका लिया था। उसने अपनी बोलेरो कार भी प्लांट पर लगाई थी। वह प्लांट पर धाक जमाए रखता था। कर्मचारियों को धमकाकर अवैध वसूली करता था जिसका डीजीएम सुधीर गुप्ता और असिस्टेंट मैनेजर हर्षित मिश्रा ने विरोध किया था। अजय प्रताप सिंह को सुधार लाने की चेतावनी दी थी। इसके बाद भी वह नहीं माना। जिस पर अधिकारियों ने उससे परानी का ठेका वापस लिया। बोलेरो हटाई और उसे नौकरी से निकाल दिया। अजय प्रताप सिंह 12 मार्च 2026 को तमंचे लेकर प्लांट पर गया। जहां बैठक कर रहे दोनों अधिकारियों की दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी और खुद थाने जाकर सरेंडर किया था। उसने पुलिस को एक तमंचा दिया। पुलिस को पता चला कि उसने हत्या में प्रयुक्त तमंचा नहीं दिया तो पुलिस बरामदगी के लिए उसे जंगल ले गए। जहां उसने पुलिस पर फायरिंग की जिसमें एक सिपाही घायल हुआ था। पुलिस ने दोनों पैर में गोली मारकर उसे गिरफ्तार किया था। 13 मार्च से वह जेल में है। पुलिस धीरे-धीरे उसके सहयोगियों को पकड़ रही है। जांच में पता चला कि उसने आवेश में आकर हत्याकांड नहीं किया बल्कि षड्यंत्र रचकर घटना को अंजाम दिया था। मुख्य आरोपी के सहयोगी मुनेंद्र विक्रम सिंह और धर्मेंद्र, अभय प्रताप सिंह उर्फ कल्लू, केशव उर्फ मिचकू को भी जेल भेजा जा चुका है।

> दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह पर रासुका की कार्रवाई की गई है। पुलिस अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर अडिग है। लोक व्यवस्था को प्रभावित करने वाले किसी भी अराजक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा।
> – अंकिता शर्मा, एसएसपी

मुख्य आरोपी के पैर में गोली फंसी है। दो दिन पहले ही आगरा से मेडिकल जांच कराकर वापस लौटा है। भविष्य में इस प्रकार के जघन्य अपराधों को रोकने, जनमानस में सुरक्षा की भावना के लिए एसएसपी ने डीएम को रिपोर्ट भेजी थी। सोमवार को मुख्य आरोपी पर रासुका की अनुमति मिली है। इस मामले में पुलिस ने ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट की धारा भी बढ़ाई है।

# जनपद में फिर शुरू हुआ यूरिया खाद का संकट

- समितियों पर नहीं मिल रही खाद किसान परेशान
- बाजारों में ब्लैक में चार सौ रुपये का बिक रहा कट्टा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : किसानों के सामने एक बार फिर खाद का संकट पैदा हो गया है। सहकारी समितियों पर खाद नहीं मिल रहा है जिसके चलते बाजार में चार सौ रुपये का कट्टा खरीदा जा रहा है। जिला प्रशासन की अनदेखी के कारण यूरिया खाद को लेकर भारी परेशानी पैदा हो गई है।

इस समय किसान मक्का की फसल तैयार कर रहा है। मक्का में अधिक पैदावार के लिए कम से कम तीन से चार बार यूरिया खाद लगाना पड़ता है। मेंथा में भी यूरिया खाद ही पौधे को जल्द ग्रोथ देता है, इसलिए इस समय यूरिया खाद की किसान को जरूरत है लेकिन साधन सहकारी समितियों पर खाद नहीं है। जहां पर भी खाद है वहां पर सुबह पांच बजे से लाइन लगने के बाद खाद मिल रही है। जनपद में साधन सहकारी समितियां दोपहर को खुलती हैं जबकि किसान सुबह से लाइन में लग जाता है। ग्राम रसूलपुर की साधन सहकारी समिति हर समय बंद रहती है। यदि कभी खुलती भी है तो वह दोपहर को कुछ समय को खुलती है। सोमवार को झंडापुर निवासी एक किसान ने बताया कि वह तीन दिन से समिति पर जा रहा है फिर भी उसे खाद नहीं मिल पा रही है। साधन सहकारी समिति पर यूरिया खाद 266 रुपए की बोरी है जबकि बाजार में एक बोरी यूरिया चार सौ की मिल रही है। ब्लैक में खरीद कर किसान फसलों में खाद लगा रहा है।

इफको किसान सेवा केंद्र मंडी समिति पर डा. अनिल ने बताया कि उनके यहां खाद पर्याप्त मात्रा में है लेकिन यहां से खाद लेने को आधार कार्ड और खतौनी लाना जरूरी है। जो किसान खतौनी और आधार कार्ड लेकर आते हैं उन्हे खाद मिलती है लेकिन अधिकांश किसानों के पास खतौनी नहीं होती है जिससे उन्हे वापस लौटा दिया जाता है वहीं किसान बाजार से ब्लैक में यूरिया खाद खरीदते हैं। बताया कि यूरिया के 500 बोरी स्टॉक में है जबकि डीएपी नहीं है। डीएपी खाद की जगह 123216 एनपीके दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस समय डीएपी की मांग नहीं है। किसान यूरिया ले रहे हैं।

# बीमारियों की रोकथाम के नहीं हो रहे उपाय

- हर गांव में टाइफाइड के मरीजों की भरमार
- ब्लॉक जगत क्षेत्र में टाइफाइड ने पसारे पैर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : इस मौसम में मलेरिया नियंत्रण समेत अन्य बीमारियों की रोकथाम के लिये कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।टाइफाइड ने पैर पसार लिए हैं। हर गांव में टाइफाइड के मरीजों की भरमार है। गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। ब्लॉक जगत के गांवों में टाइफाइड का कहर बना हुआ है।

जनपद में कहीं पर भी सफाई अभियान नहीं चलाया गया है। गांव-गांव गंदगी के ढेर लगे हुए है। नालियों में भारी गंदगी है। दो-दो महीने तक गांवों में सफाई कर्मचारी नहीं पहुंच रहे हैं जिससे गंदगी और बढ़ती जा रही है। ब्लॉक जगत के गांव नैथू में दो दर्जन लोग टाइफाइड की चपेट में हैं जो प्राइवेट चिकित्सकों से इलाज करा रहे हैं। निकटवर्ती गांव खिरिया में दस लोग टाइफाइड के साथ बुखार से पीड़ित हैं। इनमें से तीन मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगत से दवा ले रहे हैं। कस्बा जगत में करीब तीस से चालीस लोग टाइफाइड की चपेट में हैं। इनमें से अधिकांश मरीज झोलाछापों से दवा ले रहे है जबकि कुछ लोग ब्लॉक से दवा ले रहे हैं।

ग्राम खरखोली खुर्द निवासी हेमराज ने सोमवार को बताया कि वह दस दिन से बुखार की चपेट में है। लगातार दवा ले रहा है लेकिन बुखार कम नहीं हो रहा है। कमजोरी बढ़ती जा रही है। अन्य लोग भी बुखार से पीड़ित हैं लेकिन गांव में गंदगी साफ नहीं कराई जा रही है। ग्रामीण स्वयं ही सफाई कर रहे हैं।

### सफाई न होने से पनप रही हैं बीमारियां

ब्लॉक जगत के एमओआईसी डा. मोहम्मद असलम ने बताया कि इस समय डायरिया और टाइफाइड के मरीज आ रहे हैं। कई गांवों में टाइफाइड के मरीज हैं जहां डॉक्टर भी भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि सफाई न होने से बीमारियां पनप रही हैं। सीएचसी जगत पर आने प्रतिदिन डेढ़ सौ से दो सौ मरीज आ रहे हैं इनमें से पचास प्रतिशत मरीज टाइफाइड के होते हैं। मरीजों को साफ स्वच्छता पर ध्यान देने की जरूरत है।

ग्राम कुतरई और उदमई में बुखार और टाइफाइड से सौ से अधिक लोग पीड़ित हैं। दोनों गांवों की आबादी दो हजार से अधिक है लेकिन इन गांवों में तीन महीने से सफाई नहीं की गई है जिससे संक्रामक बीमारियां भी पनपने लगे हैं।

# पानी की तलाश में बोरिंग, बाहर निकला ज्वलनशील पदार्थ

- फैजगंज बेहटा के खेड़ादास गांव के पास 70 फिट गहराई से निकला ज्वलनशील पदार्थ
- गांव पहुंचे तहसीलदार और लेखपाल, जांच के बाद अधिकारियों को भेजी रिपोर्ट

संवाददाता, ओरछी

अमृत विचार : तहसील बिसौली क्षेत्र के गांव खेड़ादास में सोमवार को एक ऐसी घटना सामने आई, जिसे देख ग्रामीण ही नहीं बल्कि प्रशासनिक अधिकारी भी हतप्रभ हैं। एक किसान ने बोरिंग किया जिसमें पानी की बजाय ज्वलनशील पदार्थ बाहर आया। पूरे क्षेत्र में चर्चा होने लगी। सूचना मिलने पर बिसौली तहसीलदार और लेखपाल पहुंचे। जांच रिपोर्ट अधिकारियों को दी गई है।


पानी में ज्वलनशील पदार्थ की जानकारी देते ग्रामीण। ● अमृत विचार


मौके पर जांच करते तहसीलदार सुरेंद्र कुमार व लेखपाल प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

गांव निवासी अतुल कुमार सिंह ने अपने घर में पानी की आवश्यकता के लिए समरसेबल का बोरिंग करा रहे थे। करीब 70 फीट की गहराई पर जब बोरिंग पूरा हुआ और पंप चलाया गया तो बाहर ज्वलनशील पदार्थ बाहर आया। पानी के साथ डीजल जैसी गंध आने लगी। शुरुआत में इसे सामान्य समझकर उन्होंने नजरअंदाज कर दिया। गंध बढ़ी तो पानी से झाग नजर आए। अतुल कुमार सिंह ने एक कागज पर वह पानी डालकर तीली जलाई तो उसमें आग लग गई। एक गिलास में वह पानी डालकर दूर ले जाकर जलाया तो उसने भी आग पकड़ ली। किसी ज्वलनशील पदार्थ की तरह आग लग गई जिसका वीडियो भी सोशल साइट्स पर वायरल हुआ। तहसीलदार सुरेंद्र कुमार और हल्का लेखपाल प्रताप सिंह सोमवार देर शाम गांव पहुंचे। अपने सामने समरसेबिल चलाकर मुआयना किया। कोई इसे करिश्मा मान रहा तो कोई बोल रहा था कि जमीन के भीतर कोई किसी पाइपलाइन में रिसाव हो गया होगा। फिलहाल प्रशासन ने एहतियात बरतने का निर्देश दिया है। प्रशासन पानी की जांच कराएगा।


पानी में भीगे कागज में लग गई आग।

# गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग, जिले भर में सौंपे ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : गौ माता को राष्ट्र माता या राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की मांग तेज हो गई है। सोमवार को जिले भर में अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय हिंदू युवा संगठन के जिलाध्यक्ष अनुरुद्ध शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने एसडीएम सदर को राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि गौ माता हमारी भारतीय संस्कृति व अर्थव्यवस्था का आधार स्तंभ हैं। यह सिर्फ गाय नहीं बल्कि करोड़ों भारतीयों की आस्था और श्रद्धा का केंद्र है। पौराणिक काल से ही गाय पूजनीय मानी गई है। उसे माता का दर्जा प्राप्त है। कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था गोवंश पर आधारित है। पंचगव्य का आयुर्वेद व स्वास्थ्य में अद्वितीय योगदान है। राष्ट्रीय पशु घोषित होने से गोवंश पर पूरी तरह से विराम लगेगा। अभियान में सोनू ठाकुर, गौरव, रोहित सिंह, रजत साहू आदि मौजूद रहे।



ज्ञापन देने के दौरान तहसील बिल्सी परिसर में मौजूद लोग। ● अमृत विचार


सहसवान में तहसीलदार को ज्ञापन देते गौ रक्षक दल के लोग। ● अमृत विचार

### गो सम्मान के लिए निकली रैली

संवाददाता, बिल्सी अमृत विचार : गौ संरक्षण और सम्मान को लेकर सोमवार को नगर बिल्सी में गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गौ माता के विधिवत पूजन के साथ हुई। इसके बाद अमन वार्ष्णेय के नेतृत्व में सैकड़ों गौ सेवकों, संतों और नागरिकों ने रैली निकालकर जन जागरूकता का संदेश दिया।रैली का संचालन टिंकू गुप्ता, उज्ज्वल वार्ष्णेय, मृदुल शर्मा, राम विवेक, डॉ. वरुण शंखधार, प्रदीप और राहुल के प्रभार में किया गया। रैली में शामिल श्रद्धालु गौ माता के भजन-कीर्तन करते हुए नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए हनुमान मंदिर प्रांगण पहुंचे। जहां सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

### राष्ट्रीय बजरंग दल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

उसावां, अमृत विचार : गो माता के सम्मान में राष्ट्रीय बजरंग दल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता होली चौक पर एकत्र हुए। जहां से दातागंज के लिए रवाना हुए। अतुल बजरंगी के नेतृत्व में बजरंग दल के रितिक, शिवम वर्मा, लाल सिंह, सुनील यादव, अवधेश तिवारी, करन दक्ष आदि राष्ट्र पशु घोषित करने की मांग की।

### गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर एकजुट हुए संगठन

सहसवान अमृत विचार : गाय को राष्ट्रमाता घोषित कराने की मांग को लेकर सोमवार को भाजपा से जुड़े संगठनों ने जिले भर में तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजे। ज्ञापन में कहा गया है कि गाय को राष्ट्रमाता घोषित किया जाए। गोमाता की सुरक्षा और संरक्षण को पुख्ता प्रबंध किए जाएं। सहसवान में आज गौ सम्मान आवाहन किया गया। उन्होंने गौ रक्षकों से कहा कि आज गो माता को लेकर भाजपा संवेदनशील है इसलिए इस तरह का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में कई संगठनों ने भागीदारी की है। नगर के मोहल्ला शाहबाजपुर बिजली घर से गो सम्मान आह्वान प्रारंभ होकर पुलिस चौकी शाहबाजपुर, प्रमोद संस्कृत पाठशाला, नवादा, कोतवाली, बाजार विल्सन गंज, होते हुए तहसील परिसर में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन तहसीलदार राकेश कुमार को सौंपा गया। गो सम्मान अभियान में काफी संख्या में गौ रक्षा दल एवं समस्त गो भक्त संत समाज के लोग मौजूद रहे।

# स्कूल के बच्चों ने बनाए सुंदर मास्क

- बाबा इंटरनेशनल स्कूल में हुआ प्रतियोगिता का आयोजन
- बच्चों ने तैयार किये रंग-बिरंगे आकर्षक मास्क

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : नगर बिल्सी के बाबा इंटरनेशनल स्कूल में मास्क मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा पीजी से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता, कलात्मक कौशल और कल्पना शक्ति को प्रोत्साहित करना था। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के आकर्षक, रंग-बिरंगे और नवाचारी मास्क तैयार किए। पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक संदेश, संस्कृति और त्योहारों से संबंधित विषयों को दर्शाया।


मास्क निर्माण प्रतियोगिता में शामिल बाबा इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

प्रतियोगिता में कक्षा पीजी से श्रेयन वार्ष्णेय, कक्षा एनसी से कृतिका माहेश्वरी, केजी से अनिका खरे, कक्षा एक से उत्कर्ष माहेश्वरी, कक्षा दो से शार्दुल गौड़, तीन से रिषित माहेश्वरी, चार से विनायक चौहान, कक्षा पांच से आयुषी शर्मा, छह से सूर्यांश, सात से आराध्या वार्ष्णेय, आठ से आराध्या नागेन्द्र, नौ से गुलफशन, कक्षा 10 से कुमुद व अन्वय वार्ष्णेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय व निदेशक साधना वार्ष्णेय ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीर्ण विकास के लिए विद्यालय में समय समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ अनेक प्रकार के कौशल का भी ज्ञान होना आवश्यक है जो उन्हें भविष्य में अत्यन्त लाभदायी साबित होगा । प्रधानाचार्य रूपा माहेश्वरी ने बच्चों को भविष्य में भी हर गतिविधि में शामिल होने को प्रेरित किया। विद्यालय प्रशासक अमित माहेश्वरी मौजूद रहे।

# निजी अस्पताल में मौत मामले में संचालक समेत पांच पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : कादरचौक में एक निजी अस्पताल में गर्भवती महिला के सीने पर बैठ कर प्रसव कराने का प्रयास करने व इस दौरान गर्भस्थ शिशु की मौत होने के मामले में चिकित्सक समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इस प्रकरण में घटना के बाद भारी हंगामा हुआ था। स्वास्थ्य विभाग ने मौके पर पहुंच कर अस्पताल सील कर दिया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने शिशु के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। अस्पताल संचालक सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एमओआईसी को हटाने के साथ ही पूरे मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं।

थाना व कस्बा कादरचौक क्षेत्र के ग्राम ललसी नगला निवासी छोटेलाल ने अपनी गर्भवती पत्नी को रविवार देर शाम कादरचौक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया जहां पर मौजूद स्वास्थ्य विभाग की एएनएम और स्टाफ नर्स ने गर्भवती महिला को कस्बे के ही एक प्राइवेट नर्सिंग होम को रेफर कर दिया। कस्बे के राधिका नर्सिंग होम पर पीड़ित छोटेलाल ने गर्भवती पत्नी कृष्णा को भर्ती करा दिया। वहां पर 15 हजार रुपए लेकर जच्चा-बच्चा की सुरक्षा की गारंटी दी गई। पीड़ित का आरोप है कि देर शाम कृष्णा को तेज दर्द हुआ तो नर्सिंग होम के स्टाफ ने गर्भवती के सीने पर बैठ कर पेट पर दबाव बना कर प्रसव कराने की कोशिश की। महिला दर्द से चीखती रही फिर भी अस्पताल के कथित डॉक्टर उसके सीने पर बैठकर पेट दबाते रहे जिससे महिला के पेट में शिशु की मौत हो गई। शिशु की मौत के कुछ देर बाद ही मृत शिशु बाहर आ गया। गर्भवती के साथ इस तरह की क्रूरता करने की जानकारी होने पर पीड़ित परिवार ने शोर मचा दिया जिसके बाद पीड़ित परिवार को धमकाकर शांत करा दिया गया। इस घटना की जानकारी देर रात जैसे ही छोटेलाल के गांव वालों को मिली तो सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गये। भारी हंगामा हो गया। प्रसूता की हालत बिगड़ गई। नर्सिंग होम पर हंगामे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। घटना की गंभीरता तो देखते हुए एसडीएम सदर मोहित कुमार और सीओ उझानी सुनील कुमार भी मौके पर पहुंच गए। स्वास्थ्य विभाग की एक टीम भी सीएमओ के आदेश पर कादरचौक पहुंच गयी। अधिकारियों ने नर्सिंग होम संचालक से बातचीत करने का प्रयास किया लेकिन वह वहां से खिसक गया। ग्रामीणों की गुस्सा को देखते हुए सीएमओ के आदेश पर रात दस बजे नर्सिंग होम सील कर दिया गया। पुलिस ने शिशु के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और सोमवार को पोस्टमार्टम कराया। सोमवार को पीड़ित छोटेलाल की तहरीर पर कादरचौक पुलिस ने अस्पताल संचालक सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।


निजी अस्पताल में पूछताछ करते एसडीएम। ● अमृत विचार

### जिला महिला अस्पताल में भर्ती है प्रसूता

प्रसूता कृष्णा को रात 11 बजे जिला महिला अस्पताल को रेफर कर दिया गया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। महिला डॉक्टरों का कहना है कि उसके सीने मे तेज दर्द है। रक्तस्राव भी हो रहा है। प्रसूता के साथ बड़ी क्रूरता की गई है जिससे उसको असहनीय पीड़ा हो रही है। हालांकि महिला आज होश में है। उसके परिजनों से बात भी की गई है फिर भी उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। डॉक्टर उस पर नजर बनाए हुए हैं।

### हटाए गए एमओआईसी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा. अवधेश राठौर को सीएमओ ने आज वहां से हटा दिया। एमओआईसी की लापरवाही के चलते ही इतनी बड़ी घटना घटित हो गयी। एमओआईसी ने महिला को जिला महिला अस्पताल को रेफर नहीं किया उसे कस्बे के निजी नर्सिंग होम को भेज दिया जिससे उसके साथ घटना हो गयी। इस लापरवाही के कारण ही एमओआईसी अवधेश राठौर को वहां से हटाकर ककराला भेजा गया है।

> निजी नर्सिंग होम में हुई घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं। नर्सिंग होम सील कर दिया गया है। साथ ही पीड़ित की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन है या नहीं इसकी भी जांच कराई जाएगी।
> –डॉ मोहन झा, सीएमओ

### गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा न मिलने पर करेंगे आमरण अनशन

बिसौली अमृत विचार : गाय को समुचित और प्रभावी सुरक्षा और सम्मान दिलाने के उद्देश्य से बिसौली में बढ़ी संख्या में तहसील जाकर गौ रक्षकों और प्रेमियों ने राष्ट्रपति, राज्यपाल, गृहमंत्री, मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इसके समर्थन स्वरूप किए गए हस्ताक्षरों की प्रतियां भी सौंपी गईं। कहा कि गाय की सुरक्षा व सम्मान के लिए अगर कदम नहीं उठाया गया तो अंतिम चरण के रूप में कुछ साधु संत आमरण अनशन के लिए तैयार हैं। कई साधु संतों और गौ रक्षकों व प्रेमियों के माध्यम से यह कार्यक्रम 27 अप्रैल को किया जाना पूर्व नियोजित था। इसके लिए बढ़े स्तर पर प्रचार प्रसार भी होता रहा था। जिसके तहत हजारों की संख्या में लोगों से उनके समर्थन स्वरूप हस्ताक्षर लिए गए। ज्ञापन देने के साथ उनकी प्रतियां भी सौंपीं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
यह कि कुछ दिन पहले मोटर साइकिल से बरेली जाते वक्त फरीदपुर टोल टैक्स से पहले कैरी बैग में रखा हुआ मूल बैनामा कहीं गिर गया, जो कि श्रीमती अंजना अग्रवाल पत्नी स्व. अशोक कुमार अग्रवाल ने चंचल अग्रवाल से क्रय किया था जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 21.01.2006 को बही सं.1 जिल्द सं. 1123 पेज 19-30 क्र.स. 355 पर सब रजिस्ट्रार कार्यालय फरीदपुर में रजिस्ट्रीकृत हुआ था। उक्त बैनामा मेरी प्रॉपर्टी का चेन पार्ट है किसी को मिले तुरंत सूचित करने का कष्ट करें। यदि कोई व्यक्ति इसका दुरुपयोग करता है तो बैनामा शून्य समझा जायेगा। **शराफत हुसैन पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी मंझले मार्केट बीसलपुर मार्ग, नियर सैफी जनरल स्टोर कस्बा व थाना फरीदपुर जिला बरेली। मो.नं. 9719974731**

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

